हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025



# आधी रात पुलिस ने दी दबिश, 47 बदमाशों के घर में जांच-पड़ताल से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बदमाश व असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। जिसके तहत आधी रात पुलिस अधिकारियों के साथ लगभग सौ जवानों ने शहर के विभिन्न इलाकों में गश्त की एवं संदिग्धों से पूछताछ की। रात में पुलिस की धमक से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अलर्ट है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों व अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। थाना बसंतपुर द्वारा 34(2) आबकारी एक्ट अजमानतीय के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 32 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3200 रुपए व बिक्री रकम 3420 रुपए, थाना सोमनी द्वारा 34(2) आबकारी एक्ट अजमानती के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2400 रुपए व बिक्री रकम 300 रुपए, थाना डोंगरगांव द्वारा 34(2) आबकारी एक्ट अजमानती के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 32 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2880 रुपए,

⏩ शेष पेज 14 पर

## कई संदिग्धों से की गई पूछताछ, दी गई समझाइश

### टीम में थे सवा सौ कर्मी

जिसके तहत बीती रात 12 बजे से तीन बजे तक पुलिस ने चिन्हांकित स्लम एरिया में दबिश दी। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर एएसपी राहुल देव शर्मा सहित 4 राजपत्रित अधिकारी, 6 निरीक्षक के साथ लगभग 100 पुलिस जवानों की 4 टीम बनाकर थाना कोतवाली एवं ओपी चिखली क्षेत्र के संदिग्ध इलाकों में रात्रि गश्त किया एवं गुंडा-बदमाशों की चेकिंग की गई।



### घरों को किया चेक, 11 पर कार्रवाई

पुलिस टीम ने चिन्हांकित स्लम एरिया लखोली, सोलह खोली, गौरीनगर, चिखली, शंकरपुर, रामनगर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्र में रात में भ्रमण कर गुंडा-बदमाश, निगरानी-बदमाश, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटी, नशेड़ियों एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 47 बदमाशें के घरों को चेक किया गया। 47 संदेहियों को सोते से उठाकर घरों में चेकिंग कर 11 लोगों के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। जिले में 28 अक्टूबर को कुल 28 गिरफ्तारी वारंटी एवं 2 स्थाई वारंटी को पकड़ा गया।

### वाहन चेकिंग कर पूछताछ

पुलिस के अनुसार 28-29 अक्टूबर की रात्रि को एएसपी राहुल देव शर्मा द्वारा सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, डीएसपी अम्ब्रोस कुजुर एवं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, चौकी चिखली के प्रभारियों एवं उनके थाना के 25 जवान के अतिरिक्त पीटीएस के 50 जवानों के साथ कुल 100 जवानों के साथ शहर के संदिग्ध इलाकों का भ्रमण कर गुंडा-बदमाशों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों, नशेडियों, शराब कोचियों तथा स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों को चेक किया गया। गश्त के दौरान रास्ते में मुसाफिर चेक व संदिग्धों की पहचान कर वाहन चेकिंग कर पूछताछ की गई।

---

## अगले माह से धान खरीदी के पहले कटाई में जुटे थे अन्नदाता

# बारिश ने रोकी फसल की कटाई सब्जियों पर भी मौसम का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की फसल पक चुकी है और दीपावली के बाद फसल की कटाई में काफी तेजी भी आती है, लेकिन बीते दोनों हुई बारिश के बाद धान की फसल की कटाई रूक गई है। कई खेतों में पानी भरा हुआ है। वहीं मिट्टी गीली होने के चलते धान की कटाई करने से किसान बच रहे हैं। किसानों को मौसम से सीधे नुकसान दिखाई दे रहा है। बारिश की वजह से खेतों में पक चुकी धान की खड़ी फसल को नुकसान है। वहीं कुछ किसानों द्वारा खेतों में काटकर रखे गए फसल को भी नुकसान पहुंच रहा है।

खेतों में इस वर्ष धान की अच्छी फसल दिखाई दे रही है, लेकिन मौसम की मार से धान की फसल के नुकसान की संभावना भी बनी हुई है। मौसम में बदलाव और फसलों को हो रहे नुकसान को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता और किसान अशोक चौधरी ने कहा कि वर्तमान की वर्षा फसलों के लिए नुकसानदायक है। बारिश से बलियां टूटकर खेत में गिरेगी और जमीन में नमी होने के चलते फसल की कटाई प्रभावित होगी। वहीं जो फसल कट चुकी है, उसे अधिक नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि इस मौसम का असर सबसे ज्यादा सब्जियों में कीट के प्रकोप में दिखाई देगा। यह बारिश रबी फसल के लिए फायदेमंद हो सकती है।





### बदली, कोहरा से मुसीबत

बारिश के बाद मौसम पूरी तरह से साफ नहीं हुआ है। सुबह धुंध और दिनभर बदली बनी हुई है। बदली की वजह से नमी के चलते धान और सब्जियों की फसलों को नुकसान हो रहा है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। खासकर खलिहान में रखी हुई धान की कटी फसल को अधिक नुकसान दिखाई दे रहा है।

### हार्वेस्टर से नहीं हो पा रही कटाई

कन्हारपुरी और मोहारा क्षेत्र के किसानों ने कहा कि खेतों में खड़ी धान की फसल को काटने के लिए हार्वेस्टर की बुकिंग पहले ही कर ली थी और दीपावली के बाद धान कटाई को लेकर समय लिया गया था, लेकिन खेत में पानी भरे होने और जमीन गीली होने के चलते हार्वेस्टर नहीं उतर पा रहे हैं। जिसकी वजह से हार्वेस्टर से धान की कटाई लगभग एक सप्ताह तक संभव दिखाई नहीं दे रही है। वहीं मौसम ऐसा ही बना रहा है तो आगे और हार्वेस्टर से कतई नहीं हो पाएगी। जिससे अब किसानों को मजदूरों के जरिये फसल की कटाई करनी पड़ेगी।

### सब्जियों में बढ़ेगा कीट का प्रकोप

मौसम में आए बदलाव के चलते सब्जियों की फसल भी प्रभावित हो रही है। किसान गिरधर पटेल ने बताया कि खासकर सेमी, गोभी और बरबट्टी की फसल को खासा नुकसान दिखाई दे रहा है। इनमें कीट भी जल्द लगने की संभावना होती है। बीते दिनों बारिश और इसके बाद बदली मौसम के चलते सब्जियां खराब हो रही है। ठंड के दिनों में सब्जियों की आवक अच्छी रहती है। जिससे दाम घटे हैं, लेकिन मौसम में बदलाव की वजह से सब्जियों की फसल पर इसका असर दिखाई देगा।

---

# ईष्ट देव के खिलाफ अभद्र टिप्पणी बघेल को गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा बीते दिनों एक बयान के माध्यम से अग्रहरि वैश्य समाज, अग्रवाल समाज और सिंधी समाज के ईष्ट देव एवं समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई। इसके बाद तीनों समाज के लोगों में खासा आक्रोश नजर आया। आज बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी और अन्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने मांग की।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिए गए बयान के बाद तीनों ही समाज के लोगों में काफी आक्रोश नजर आ रहा है। समाज के लोगों ने आज नारेबाजी करते एसपी कार्यालय पहुंचे और यहां ज्ञापन के माध्यम से तीनों समाज द्वारा अमित बघेल की गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी सजा देने की मांग की गई।

अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष प्रभात गुप्ता ने कहा कि पूज्य महाराजा अग्रसेन भगवान श्रीराम के वंशज व जन-जन के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके खिलाफ अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। इस बयान से अग्रहरि समाज की भावनाएं आहत हुई है। वहीं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और सिंधी समाज पर भी अमर्यादित टिप्पणी की गई है। जिससे सम्पूर्ण समाज में रोष व्याप्त है।



### चार दिन का अल्टीमेटम

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने कहा कि अमित बघेल द्वारा भगवान अग्रसेन पर की गई टिप्पणी से समाज आहत है। वहीं समाज के पदाधिकारी संतोष अग्रवाल ने कहा कि यह कृत्य समाज को तोड़ने, समाज में दरार पैदा करने वाला है। ऐसे लोगों की तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने अपने ज्ञापन के माध्यम से कार्रवाई करने के लिए चार दिन का समय दिया है, अगर 4 दिन में कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो अग्रवाल समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### जमकर नारेबाजी

सभी समाज के लोगों ने अमित बघेल के खिलाफ स्थानीय स्तर पर एफआईआर दर्ज करने और कड़ी कार्रवाई की मांग करते एसपी के नाम एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा को ज्ञापन दिया है। इसके बाद समाज के सभी लोग मानव मंदिर चौक पहुंचे और यहां अमित बघेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

### कठोर कार्रवाई करने की मांग

सिंधी समाज के पदाधिकारी आवतराम तेजवानी ने कहा कि अमित बघेल द्वारा हमारे ईष्टदेव संत झूलेलाल के खिलाफ भी आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग करते सिंधी पाकिस्तानी शब्दों का उपयोग किया गया। जबकि विभाजन की सर्वाधिक पीड़ा हमारे पूर्वजों ने झेली है। इस बयान से समाज की भावनाएं आहत हुई है। उन्होंने अमित बघेल के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संपूर्ण सिंधी समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### लड़ाई-झगड़ा, 4 के खिलाफ कार्रवाई

**राजनांदगांव**। लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था को भंग करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कल्लूबंजारी में दिवाली पर्व के समय शराब पीकर आपस में वाद-विवाद हुए थे। जिसकी शिकायत ग्रामीण लोग थाना में किए थे।

उसी बात को लेकर 29 अक्टूबर को भी वाद-विवाद करने वाले व्यक्तियों ढाल सिंह 35 वर्ष, डालेश्वर पटेल 23 वर्ष, लुकेश्वर 26 वर्ष एवं भुवनेश्वर 28 वर्ष सभी निवासी ग्राम कल्लूबंजारी के खिलाफ संज्ञेय अपराध घटित करने से रोकने हेतु मौके पर गिरफ्तार कर लोकशांति भंग होने के अंदेशा पर उनके विरुद्ध धारा 170/ 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट छुरिया में पेश किया।

## माय एंगल




---

# शहर में चार जगह पड़ी ईओडब्लू की रेड, कई घंटे तक चली जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर में माइनिंग और गवर्नमेंट के बड़े सप्लायरों के घरों में आज तड़के ईओडब्लू और एसीबी ने कामठी लाइन, भारत माता चौक, भरकापारा, सत्यम विहार कालोनी सहित चार जगह पर अपनी छापेमार कार्रवाई की। टीम द्वारा शहर स्थित यश नाहटा, ललित भंसाली, विनोद राठी और राधाकृष्ण एजेंसी फर्म के घर एवं प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर दस्तावेज खंगाले गए। शहर के पांच जगह पर लगभग एक दर्जन से अधिक वाहन में पहुंची टीम ने जांच कार्रवाई की है।

शहर में आज सुबह लगभग 5 बजे अलग-अलग वाहनों में ईओडब्लू के अधिकारी पहुंचे और सभी ठिकानों में एक साथ छापामार कार्रवाई की। सुबह से पहुंचे अधिकारियों की कार्रवाई से व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पांचों प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और आवासों में ईओडब्लू के अधिकारी दिनभर छानबीन करते रहे। बताया जा रहा है कि मामला डीएमएफ फंड और कोल माइनिंग की लेन-देन से जुड़ा हुआ है। जिसमें कड़ी दर कड़ी से ईओडब्लू की टीम यहां पहुंची है। ज्ञात हो इससे पहले भी पिछले दो साल के दौरान शहर में अलग-अलग जांच एजेंसियो के द्वारा छापामार कार्रवाई की गई है। इस बार भी प्रदेश में पहले से जारी जांच से तार जुड़े रहने के चलते कार्रवाई होने की जानकारी सूत्रों से मिली है।

# यातायात व्यवस्था सुधारने पुलिस ने किया शहर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के व्यस्ततम मार्ग में आए दिन चरमरा रही यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा आए दिन कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस अधिकारियों ने टीम के साथ व्यस्तम मार्ग में भ्रमण कर व्यवसायियों को दुकान का सामान सड़क पर ना निकालने की हिदायत दी।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप एवं यातायात टीम द्वारा 28 अक्टूबर को शहर के महावीर चौक, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर, आजाद चौक, फौव्वारा चौक, गुड़ाखू लाइन, गंज चौक, तिरंगा चौक में भ्रमण कर बढ़ते यातायात दबाव को दृष्टिगत रखते यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापारियों को समय-सीमा में माल लोडिंग-अनलोडिंग कराने, वाहनों को निर्धारित स्थल में पार्किंग करने एवं दुकानदारों को अपने दुकान का सामान बाहर नहीं निकालने समझाईश दिया गया। राजनांदगांव के सभी व्यवसायी से अपील की गई है कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें। जिससे भविष्य में शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम से निजात पाकर यातायात व्यवस्थित किया जा सके।

# शीतला मंदिर से मोपेड चोरी दो दिन बाद आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोपेड चोरी के मामले में पतासाजी कर रही पुलिस ने आरोपी को पकड़कर चोरी की मोपेड बरामद की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 अक्टूबर को यह अपने इलेक्ट्रानिक टू व्हीलर स्कूटी नेवी ब्लू को प्रातः करीबन साढे 7 बजे शीतला मंदिर के पास खड़ी कर टहलने गया हुआ था। वापस आकर देखा तो इसके मोपेड वहां पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर इसके मोपेड को चोरी को ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिय गया।

**मोपेड बरामद, आरोपी पर कार्रवाई** : पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबीर से जानकारी प्राप्त हुआ है कि रवि महोबे निवासी सोनारपारा राजनांदगांव द्वारा चोरी किए मोपेड का नंबर प्लेट को हटाकर उपयोग कर रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर संदेही रवि महोबे को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया तथा आरोपी के कब्जे से चोरी गए मोपेड को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

---

## 30 की सुबह 10:06 बजे आगाज, 31 को प्रातः 10:03 बजे समापन

# आंवला नवमी पर वृद्धि, रवि योग के साथ धनिष्ठा शतभिषा नक्षत्र का संयोग, कल होगी पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अक्षय नवमी इस बार 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। नवमी तिथि की शुरूआत 30 अक्टूबर को सुबह 10:06 बजे होगी और समापन 31 अक्टूबर को प्रातः 10:03 बजे पर होगा। चूंकि 31 तारीख को उदयातिथि है, इसलिए शास्त्रों के अनुसार इसी दिन व्रत और पूजा का विधान माना गया है।



ज्योतिषियों की मानें तो कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर वृद्धि और रवि योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। वृद्धि योग का संयोग सुबह 6 बजकर 17 मिनट लगभग से पूर्ण रात्रि तक है। साथ ही रवि योग दिनभर है। अक्षय नवमी पर शिववास योग का भी निर्माण हो रहा है। बता दें कि आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है।

### आंवला पेड़ के नीचे भगवान लक्ष्मीनारायण की होगी पूजा

गौरतलब है कि अक्षय नवमी हिंदू धर्म में एक अत्यंत पुण्यदायी और शुभ तिथि मानी जाती है, जो हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाई जाती है। इस दिन का विशेष महत्व आंवला वृक्ष से जुड़ा है, जिसे दिव्य और औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर लक्ष्मीनारायण जी की पूजा की जाती है। वहीं भोजन पकाकर सबसे पहले भगवान विष्णु और शिवजी को भोग अर्पित किया जाता है। यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान और श्रद्धा भी दर्शाती है।

### कौलव-तैतिल का भी योग

इस अक्षय नवमी पर रवि और शिववास योग के साथ कई दुर्लभ और पुण्यकारी योग बन रहे हैं। वृद्धि योग के बाद प्रातः 10:03 बजे तक शिववास योग भी रहेगा, जो पूजा-पाठ और शुभ कार्यों के लिए बेहद फलदायी होता है। इस दिन दो विशेष नक्षत्रों धनिष्ठा और शतभिषा का संयोग बन रहा है, जो शांति और समृद्धि के प्रतीक माने जाते हैं। इसके अलावा दो शुभ करण कौलव और तैतिल भी इस दिन उपस्थित रहेंगे। इन योग में लक्ष्मीनारायण की पूजा करने से जीवन में सुख, सौभाग्य और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। शहर के मंदिरों में जहां आंवला के वृक्ष हैं, इस दिन विशेष पूजा होगी।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरुबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जांचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### चार जगह डांस स्पर्धा एक को

**खडगांव।** देव उठनी एकादशी और तुलसी विवाह के मौके पर ग्राम में आगामी एक नवंबर को चार जगहों पर डांस प्रतियोगिता रखा गया है। यह आयोजन अटल चौक, बजरंग चौक, ठाकुरटोला और सरोली में किया गया है। सामूहिक, युगल और एकल वर्ग में आयोजित डांस प्रतियोगिता में विजेताओं को नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। सभी जगह डांस प्रतियोगिता को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है।

### रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान विजेता

**डोंगरगांव।** आशा चाइल्ड वेलफेयर समिति ने बीते दिनों रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्पर्धा का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष अनिल रुपलानी ने किया। प्रतियोगिता में नगर की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायकों के निर्णय अनुसार स्पर्धा में प्रथम स्थान मुस्कान टावरी, द्वितीय सीमा जैन और तृतीय स्थान युक्ता वैष्णव ने प्राप्त किया। समिति द्वारा सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



### ढाबा में मंच का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्राम ढाबा में मंच का भूमिपूजन किया। इस मौके पर श्रीमती बघेल ने कहा कि यह मंच गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर ग्रामीण और युवाओ को छलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन के नाम से महिलाओं को गुमराह किया गया अब बिजली की मार से कमर तोड़ा जा रहा है।



### कलेक्टर से मिले किसान



**डोंगरगढ़।** ग्राम कलकसा, अमलीडीह, मोहंदी के किसानों ने गिरदावरी के नाम पर हो रही मनमानी को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया।

### सुरक्षा बल ने मनाया स्थापना दिवस

**डोंगरगढ़।** आईटीबीपी ने अपना 64 वां स्थापना दिवस सामरिक मुख्यालय में उल्लास से मनाया। इस मौके पर द्वितीय कमान विनोद कुमार ने बल ध्वज को सलामी दिया। बल गान के साथ सभी अधिकारी एवं हिमवीरों ने सम्मान व्यक्त किया। विनोदकुमार ने बताया कि भातिसीपु बल सीमाओं की सुरक्षा के अतिरिक्त आन्तरिक सुरक्षा व वीआईपी सुरक्षा के साथ विभिन्न देशों में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशानों में जिम्मेवारी निभा रहा है। अंत में मिठाई वितरित किया गया। मधुर देश भक्ति संगीतो से आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की डॉ किरण तिर्की आदि उपस्थित थे।



### मूर्ति तोड़ने की निंदा

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ने की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि अस्मिता, सम्मान और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक थी। इसका अपमान, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि राजधानी में इस तरह की घटना होना सरकार की प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है। उन्होंने घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### रजत जयंती महोत्सव में शामिल होंगे भाजपाई



**डोंगरगढ़।** राज्य उत्सव को लेकर गत दिनों ग्रामीण मंडल भाजपा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रजत जयंती उत्सव और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने पर विचार किया गया। ग्रामीण मंडल प्रभारी चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू एवं जिला भाजपा मंत्री जैन कुमार ने मेश्राम की उपस्थिति में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं से रायपुर पहुंचने कहा गया। बैठक में अध्यक्ष अनिल सिन्हा, रवि यादव, कचरू साहू, जीवन वर्मा, कन्हैया वर्मा, बहल देवांगन, मनीष सोनी, जितेंद्र गेंडरे, हेमकुमार साहू, मुरली गेडाम, शैलेश महोबिया, अमर साहू, गीतेश्वर वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### निबंध स्पर्धा में गणेश्वरी प्रथम

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार एचबाईव्ही एड्स की रोकथाम एवं सतर्कता के लिए रेड रिबन क्लब ने निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को निःशुल्क एचआईवी परीक्षण, दवाईयां, काउंसलिंग आदि के बारे में बताया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गणेश्वरी यादव, द्वितीय भारती साहू और तृतीय स्थान पलक मारकंडे ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन रेड रिबन क्लब के समन्वयक हिमानी साहू ने किया।



# सही पोषण से बदली जिंदगी, नन्हा मानव कुपोषण मुक्त

## सतत प्रयास से मासूम का बढ़ा वजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

ग्राम रानाटोला का नन्हा मानव अब स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी रहा है। कभी कमजोरी और कुपोषण से जूझ रहे मानव की कहानी पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गई है।

जानकारी के अनुसार मानव का जन्म 23 अप्रैल 2023 को हुआ था। गत 8 अक्टूबर 2024 को जब आंगनबाड़ी केंद्र में उसकी जांच की गई, तो पाया गया कि उसकी लंबाई के अनुसार वजन बहुत कम है। उनका वजन केवल 6.6 किलोग्राम था। शरीर कमजोर होने से खेलने-कूदने की इच्छा नहीं होती थी। उसकी मां नम्रताबाई, बेटे की कमजोरी से चिंतित थीं, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि बच्चों के सही विकास के लिए केवल पेट भरना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि पौष्टिक और संतुलित आहार देना भी जरूरी है।

### मां की आंखें चमकी

नम्रता बाई ने बताया कि मुझे लगा था कि मेरा बेटा हमेशा कमजोर ही रहेगा, लेकिन सम्वर्धित टेक होम राशन ने उसकी सेहत में सकारात्मक बदलाव लाया। आज मानव खुश और स्वस्थ है। मैं हर मां से कहना चाहती हूं कि आंगनबाड़ी से मिलने वाला राशन बच्चों को जरूर खिलाएं। इस परिवर्तन में सम्वर्धित टेक होम राशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके माध्यम से मानव को आवश्यक पोषक तत्व और ऊर्जा समय पर मिलती रही। यह अतिरिक्त पोषण उसके शारीरिक विकास के लिए आधार बना। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने लगातार प्रेरणा दी और परिवार ने निर्देशों का ईमानदारी से पालन किया।



### सतत निगरानी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने इस स्थिति को गंभीरता से लिया और परिवार को समझाया कि कैसे संतुलित आहार और सफाई से बच्चे के जीवन में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने नम्रता को सम्वर्धित टेक होम राशन के महत्व के बारे में बताया और नियमित रूप से इसे देने की सलाह दी। साथ ही उन्हें घर पर पौष्टिक आहार जैसे दलिया, मूंग दाल की खिचड़ी, अंडा और हरी सब्जियां बनाने का तरीका सिखाया। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निरंतर गृह भेंट कर मानव के स्वास्थ्य पर नजर रखी और हर सप्ताह उसका वजन व लंबाई मापी। इन प्रयासों का असर जल्द ही दिखने लगा। 16 हफ्तों में मानव का वजन बढ़कर 7.7 किलोग्राम हो गया और अब वह सामान्य श्रेणी में आ चुका है। पहले जहां वह कमजोर और सुस्त था, वहीं अब वह सक्रिय, खेल-कूद में रुचि रखने वाला बच्चा बन गया है। उसकी भूख में सुधार हुआ है और शरीर में ताकत लौटी है। सबसे बड़ी बात यह कि परिवार का आत्मविश्वास भी वापस आया है।

## शहर में श्रद्धा के साथ मनाया गया छठ महापर्व

# अल सुबह उमड़े श्रद्धालु, उगते सूर्य देव को अर्पित किया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ नगर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पर्व संपन्न हुआ।

नगर के ऐतिहासिक महावीर तालाब घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घाट पर सौ से अधिक व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर परिवार के सुख, समृद्धि और आरोग्य की कामना की। छठ पूजा समिति ने इस दौरान उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए व्यापक व्यवस्था किया था।

घाटों की सफाई करने के अलावा पानी, रौशनी का इंतजाम किया गया था।



### घाटों में गूंजे लोक गीत

इस दौरान घाट पर लोकगीत गाते हुए श्रद्धालुओं ने वातावरण को श्रद्धा, भक्ति से सराबोर कर दिया था। मंगलवार के सुबह 3 बजे उगते सूर्य को अर्घ्य देने के पहले दर्जन भर से अधिक श्रद्धालुओं ने कोसी की पूजा अर्चना की व हाथी की बोली लगाई। समाज प्रमुखों की माने तो मौसम खराब होने के कारण व्रतियों को आसमान में सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए, परंतु सूर्य उदय का मंगलवार को निर्धारित समय 6.26 था जिसे देख व्रतियों ने सूर्य देव का नमन करते हुए अर्घ्य अर्पित कर 36 घंटे का निर्जला व्रत तोड़ा।

### प्रशासन भी सक्रिय रहा

चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को देखते हुए नगर पालिका, पुलिस, रेलवे प्रशासन ने महावीर घाट पर समिति का सहयोग किया। समिति के शशिकांत द्विवेदी, लाल द्विवेदी, अरुण सिंह, मोनेश कुमार, घनश्याम पांडे, राजकुमार पांडे, अमलेश्वर सिंह, डॉ शर्मा, रामप्रवेश शुक्ला, चंद्रमणि ओझा, एचपी सिंह, विष्णु उपाध्याय, शिवजी यादव, छोटू पांडे, अनिल पोद्दार, सोमदत्त, राजेश शुक्ला, अनिमेष सिंह, पवन कुमार, शिव यादव, नीरज सिंह, राजू सिंह, मनोज शर्मा, राजन सिंह, अभिषेक सिंह, पंकज सिंह, अनिल शर्मा, आशीष सिंह, आशीष विश्वकर्मा ने प्रशासन का आभार जताया है।

# एसपी के तीखे तेवर से शराब कोचिया और सटोरिये डरे

- होटल और ढाबों में लटके ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

पुलिस अधिक्षक अंकिता शर्मा के तीखे तेवर को देखते हुए नगर में अवैध शराब बेचने और जुआ सटटा का करोबार करने वाले फरार हो गए हैं। शराब बेचने वालों के ठिकाने और पीने की सुविधा मुहैया कराने वाली होटल ढाबा में ताला लटक गया है। जानकारी के अनुसार सट्टा पट्टी लिखने वालों के अलावा खाईवाल भी फरार हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के चार्ज लेने के बाद थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों का स्थानातंण कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद सेटिंग गडबड़ाने से अवैध कारोबार में लिप्त लोगो में हडकंप मच गया। वहीं पुलिस अधीक्षक के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के कड़े निर्देश के बाद पहली बार दहशत देखा जा रहा है। इन दिनों पुलिस जरूर गंभीर दिखाई दे रही है किन्तु आबकारी विभाग अवैध शराब की बिक्री को रोकने को लेकर तत्पर नजर नहीं आ रहा है। सरकारी शराब दुकान के सेल्समेन कोचियों को थोक में शराब मुहैया करा रहे हैं। मेढा, कटली व बोरतलाव दुकान से पहले की तरह शराब की अवैध निकासी हो रही है।



### वृद्धा आश्रम में किया फल वितरण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे के नेतृत्व में साप्ताहिक गतिविधि अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्वयंसेवकों ने जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेरा भाटा पहुँचकर केला एवं सेब वितरित किया। इस दौरान दलनायक चंद्रदेव, दलनायिका हेमलता साहू, आकाश, साहिल, लोकेश्वर, छबिलाल, रेणुका, संजना, डिगेश्वरी, योगेश्वरी, दिव्या, पल्लवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# किसानों की सुध ले सरकार : विष्णु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने धान खरीदी पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार किसानों का धान खरीदना नहीं चाहती है जिसके चलते गिरदावरी मे आ रही समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। किसान फसल विवरण और आनलाइन पोर्टल की गड़बड़ियों से जूझ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि गत 30 सितंबर को गिरदावरी, बी-1, खसरा पी-2 तथा फसल विवरण जैसे सभी आनलाइन पोर्टल लॉक कर दिया गया है जिसके कारण किसान न तो जानकारी अपडेट कर पा रहे हैं और न पटवारी सुधार कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति सरकार की असंवेदनशीलता और किसानों के प्रति उपेक्षा को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा किसानों का धान खरीदने की नहीं है। सरकार किसानों को उलझाकर परेशान कर रही है। किसानों की मेहनत की अनदेखी कर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि उसकी कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने बताया कि जब आनलाइन पोर्टल को ठीक कर दिया जाता है, तो धान खरीदी के समय खसरा से फसल विवरण गायब हो जाता है। विष्णु लोधी ने कहा कि सरकार वास्तव में किसान हितैषी है,तो किसानों का धान 3286 में खरीदी करें और तुरंत सभी पोर्टल को हैप्पी मोड में खोलना चाहिए ताकि पटवारी किसानों की प्रविष्टियों को सुधार सकें।



# समतलीकरण एवं सीसी रोड़ का भूमिपूजन



**छुरिया।** ग्राम पंचायत घुपसाल एवं लाममेटा के आश्रित ग्राम कुमर्रा छुरिया में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता चंद्रिका प्रसाद डडसेना, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, कांता प्रसाद साहू, भानबाई मंडावी, उत्तरा निषाद, प्रकाश मोटघरे, राजेश्वर ध्रुवे, सावित्रीबाई मंडावी ने पूजा अर्चना कर कार्य आरंभ किया। घुपसाल के ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष सिन्हा व मंडल अध्यक्ष से मुलाकात कर धान उपार्जन केन्द्र के उबड़ खाबड़ होने की जानकारी दी थी जिसे दृष्टिगत रखते हुए सांसद पांडे ने समतलीकरण के लिए 7 लाख दिया है। इसी प्रकार सीसी रोड़ के लिए 5 लाख दिया गया था। भूमिपूजन के अवसर पर दशरथ नेताम, सेवाराम सिन्हा, महेंद्र नंदेश्वर, श्यामलाल सिन्हा, भजुन चौधरी, सुशील, तीजनबाई, समुंदबाई, बिहारीलाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही से कलेक्टर नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने बुधवार को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में कसावट लाने तथा जनसुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मैराथन समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि एएनसी रजिस्ट्रेशन का पूर्ण डेटा अद्यतन और शत-प्रतिशत होना चाहिए। उन्होंने संबंधित बीएमओ और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं का घर-घर सर्वे कर पंजीयन सुनिश्चित करें ताकि कोई भी गर्भवती महिला स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खराब प्रगति वाले बीएमओ एवं संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने विभाग में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय योजनाओं और गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण पुनर्वास केंद्र, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सिकलसेल रोग नियंत्रण, राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत योजना, ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा तथा आईएचआईपी पोर्टल जैसे कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की।



### कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने साफ शब्दों में कहा कि जो भी अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यों में शिथिलता बरतेंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं आम जन से स्वास्थ्य संस्थानों में आने पर सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए। स्वास्थ्य सेवाएं जनता के लिए हैं, अतः प्रत्येक मरीज को समय पर इलाज, दवा एवं आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जाए।

### अधूरी एंट्री पर नाराजगी

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाएं सीधे आमजन से जुड़ी हैं, अतः योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन और फील्ड मॉनिटरिंग की व्यवस्था मजबूत की जाए। उन्होंने डेटा एंट्री की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया। कई ब्लॉकों में पोर्टल पर डेटा अपलोड में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का डाटा समय पर आईएचआईपी पोर्टल और संबंधित सॉफ्टवेयर पर दर्ज किया जाए, ताकि वास्तविक प्रगति का सही आंकलन किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों से कहा कि वे समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें तथा अगली बैठक में लक्ष्यों के विरुद्ध आवश्यक प्रगति सुनिश्चित करें।

**न्यायालय- न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, राजनांदगांव (छ०ग०)**

**।। समंस ।।** प्रकरण क्र० 61 अ/2025
पेशी दिनांक 11.11.2025
प्रोसेस क्र० 707/2025

**हरिश महिलांगे** - वादी

**।। विरुद्ध ।।**

**पूर्णिमा महिलांगे** - प्रतिवादी

प्रति,

**पूर्णिमा महिलांगे** ध.प. हरिश महिलांगे, आयु लगभग 40 वर्ष, निवासी- द्वारा दिनेश गायकवाड़. ग्राम-घोरतलाव पोस्ट सड़क चिरचारी थाना बाघनदी तहसील जिला-राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)।

वादी द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 अ हिन्दु विवाह विच्छेद अधिनियम, अंतर्गत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसकी इस न्यायालय में पेशी दिनांक 11/11/2025 को समय 11:00 बजे आवेदन के उत्तर देने के लिए हाजिर होने के लिए समंस किया जाता हैं। आप न्यायालय में स्वयं या ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते हैं, जिन्हें सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस दावे से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी अनुदेश दिया जाता हैं कि, आप इस दिन सभी दस्तावेजों को पेश करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित हो।

अतः आपको सूचित किया जाता हैं कि आप ऊपर बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका आवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तारीख पर पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होने पर एवं उक्त तिथि अवकाश घोषित होने से प्रकरण की कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। अतः आज दिनांक 13/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान :- राजनांदगांव (छ०ग०)
दिनांक 13.10.2025

मुहर

**उत्तरा कुमार कश्यप**
न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय,
राजनांदगांव (छ०ग०)

### गातापार में जयंती पर निकली शोभायात्रा

**डोंगरगढ़।** गातापार खुर्द में कलार समाज ने अपने इष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाया। गांव में कलश यात्रा निकाला गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, विशिष्ट अतिथि निर्मला सिन्हा, सरपंच बलराम वर्मा, गंगाराम सिन्हा, पूनम सिन्हा, मनोहर सिन्हा, प्रकाश सिन्हा थे। इस दौरान मुख्य अतिथि लता सिन्हा ने सीसी रोड के लिए 5 लाख देने की घोषणा की।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय विद्यालय में भरतनाट्यम कार्यशाला

**खैरागढ़।** पीएम केंद्रीय विद्यालय में रूट्स टू रूट्स संस्था के सहयोग से भरतनाट्यम नृत्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रसिद्ध भरतनाट्यम नर्तक राजेन्द्र कुमार ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों कालभैरवाष्टक और जगनमोहन कृष्ण की संकल्पना पर आधारित नृत्य से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुमार ने विद्यार्थियों को भरतनाट्यम नृत्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि प्रमुख घराने व देश के सुप्रसिद्ध कलाकारों के योगदान पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मंच पर कुछ विद्यार्थियों को आमंत्रित कर भरतनाट्यम की मूलभूत मुद्राओं हस्त संकेतों एवं अभिव्यक्ति की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जिससे विद्यार्थियों में भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रति नई उत्सुकता और रुचि उत्पन्न हुई। इस अवसर पर रूट्स टू रूट्स संस्था के कार्यक्रम समन्वयक ओम प्रकाश पाठक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार, समस्त शिक्षकगण तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने नृत्य कला की बारीकियों को गहनता से आत्मसात किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत शिक्षक डॉ. मुकुंद सिंह ठाकुर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संदेश निनावे और आभार प्रदर्शन डॉ. योगेन्द्र पांडेय ने किया।

### मनाया गया प्रक्षेत्र दिवस

**राजनांदगांव।** नाभिकीय कृषि एवं जैवप्रौद्योगिकी विभाग भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई के प्रायोजन के फलस्वरूप कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी एवं आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी परिसर में प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल थे। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने वैज्ञानिकों से उन्नत फसल उत्पादन हेतु विस्तृत चर्चा करते किसानों से सीधे संवाद कर विक्रम-टीसीआर किस्म एवं अन्य फसलों को बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित आसपास के उन्नत प्रगतिशील किसानों के मध्य भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र मुंबई एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सहयोग से विकसित धान की उत्परिवर्तित किस्म विक्रम-टीसीआर का व्यापक प्रसार किया गया। कार्यक्रम में भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र मुंबई (बायोसाइंस ग्रुप) के निदेशक डॉ. पीए हसन, एनए-बीटीडी के विभागाध्यक्ष डॉ. एडी बलाल एवं सीआइएस, एनए-बीटीडी से प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. बीके दास उपस्थित रहे। साथ ही इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से प्रमुख वैज्ञानिक के तौर पर प्रो. डॉ. दीपक शर्मा एवं सहायक प्रा. डॉ. परमेश्वर साहू उपस्थित हुए एवं सभी वैज्ञानिकों ने सफरी-17 धान की उत्परिवर्तित किस्म विक्रम-टीसीआर के उन्नत गुणों के बारे में न केवल किसानों को बताया। उन्होंने किसानों की धान फसल की उत्तम पैदावार और गुणवत्ता को बनाए रखने संबंधी चर्चा कर विक्रम- टीसीआर की उन्नत काश्त तकनीकी के फोल्डर भी किसानों को वितरित किया।

## दीप पर्व के बाद कांग्रेस में फिर घमासान, विधायक को दी नसीहत

# विधानसभा क्षेत्र विकास की ओर ध्यान दे विधायक, संगठन नहीं है उनसे दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़





विधायक द्वारा तैयार मिशन संडे और जिला कांग्रेस संगठन के बीच को कोल्ड वॉर दीप पर्व निपटने के साथ ही फिर शुरू हो गया है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह और शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ ने विधायक यशोदा वर्मा को मिशन संडे के प्रवक्ता रूप में बयानबाजी नही करने की नसीहत देते हुए कहा कि संगठन ने सर्वसहमति से मनराखन देवांगन, डॉ अरूण भारद्वाज और दीपक देवांगन के निष्कासन का प्रस्ताव पारित कर प्रदेश कमेटी को भेज दिया है। इसमे उनका आचरण जवाबदेह था इसलिए विधायक यशोदा वर्मा का यह कहना कि संगठन ने द्वेषवश निकालने का प्रस्ताव पारित किया है पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि जिन तीन नेताओं को विधायक अपना करीबी मानकर लोकप्रिय बता रही है उनके खिलाफ छुईखदान में अवैध वसूली का प्रकरण सार्वजनिक हुआ जिसके चलते संगठन को उनसे दूरी बनाने कड़ा फैसला लेना पड़ा है। आकशदीप सिंह ने कहा कि नवागॉव में आयोजित बैठक में भी ब्लाक संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके निष्कासन के प्रस्ताव पर सहमति दी है इसलिए बिना तथ्य जाने विधायक मिथ्या आरोप लगाने से बचे। उनका कहना है कि उन्हें बाहरी व्यक्ति या विधानसभा से बाहर का मतदाता बताया जा रहा है जबकि पूरे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को पता है कि दो बार जनपद सदस्य का चुनाव जीतकर जनपद पंचायत में कांग्रेस के झंडाबरदार बने हुए है। सुबह से देर रात तक लोगों से मिलना जुलना होता है।

### गलत लोगों का पक्ष लेना बंद करे विधायक

दोनों नेताओ ने कहा कि विधायक जिन तीन लोगों को कांग्रेस का सच्चा सिपाही बता रही है उन पर विपक्ष भी कटाक्ष कर चुका है। मिशन संडे को पूरी तरह से विधायक के लिए फंड एकत्रित करने संचालन की बात कर चुका है जिसका उत्तर आज तक विधायक यशोदा वर्मा नही दे पाई है। उन्होंने कहा कि संगठन के जिन नेताओं को विधायक निष्क्रिय बता रही है उन्हीं के नेतृत्व क्षमता और चुनाव संचालन के चलते वो दुबारा विधायक पद पर आसीन हुई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधायक की छवि उन तीन नेताओं के अलावा सबसे ज्यादा प्रभावित पति नीलांबर वर्मा कर रहे है। संगठन उनकी सोच अनुसार नही चल रहा था इसलिए उन्होंने अवैध वसूली अभियान को गति देने मिशन संडे की नींव रखी। विधायक पति नीलांबर वर्मा को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि उनके अनावश्यक हस्तक्षेप और विधायक को गलत दिशा में ले जाने के कारण पार्टी की छवि प्रभावित हो रही है। मिशन संडे नामक संस्था का स्वतंत्र अस्तित्व बनाकर नीलांबर वर्मा को काम करना चाहिए।

### बदलाव की शुरूआत घर से करें

उन्होंने कहा कि विधायक को भी इस बारे मे सोचना चाहिए कि संगठन से उपर कोई नही है। कदाचार की प्रवृत्ति वाले लोग कभी भी कांग्रेस का भला नही कर पाए है। पार्टी का नाम खराब होने से बचाने की शुरूआत विधायक को अपने घर से करनी होगी। दौरा, भ्रमण में कांग्रेस की महिला नेत्री को साथ लेकर चले। उन्होंने कहा कि पार्टी की लोकप्रियता को प्रभावित करने वालों को कभी संगठन तवज्जो नही देगा। विधायक इन सब से दूर होकर स्वतंत्र मन विचार से काम करे सारे लोग हमेशा की तरह उनके साथ है। संगठन के खिलाफ जारी बयान को लेकर भी कहा कि यह विधायक यशोदा वर्मा को व्यक्तिगत बयान नही था उनके नाम से प्रकाशित कराया गया है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा है कि पार्टी की छवि को दागदार करने वालो से वो दूर रहे और विधायक भी स्वतंत्र रूप से क्षेत्र विकास की ओर ध्यान दे संगठन उनके साथ है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि संगठन ने जिन तीन लोगों को निकाल दिया है उन्हें शहर व जिला संगठन अध्यक्ष बनाने झूठी भ्रामक खबर चलाई जा रही है। इसे कार्यकर्ता गंभीरता से ना ले।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद सर्वश्री कमलेश बंधे, संदीप बघेल, सतीश साहू व चन्द्रकृत साहू की उपस्थिति मे प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के समबन्ध मे अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। इस योजना से अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करने की जरूरत है। योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का शासन द्वारा प्रावधान है एवं बैक से ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध है। घर की बिजली की खपत के अनुसार सोलर पैनल लगाना है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि बिजली खर्च के बचने अपने घर में सोलर पेनल जरूर लगावे और अपने लोगो को भी प्रेरित करे इस योजना के संबंध में आवेदन करने, अनुदान राशि, ऋण, सोलर पैनल लगाने, नियम-शर्ते विद्युत विभाग द्वारा दी जावेगी एवं निगम में आवेदन जमा कराया जायेगा। सभी अधिकारी कर्मचारी को सोलर पैनल लगाने आवेदन करना है।

### योजना का लाभ लें और बिजली बिल से बचें

पार्षद शिव वर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि प्रधानमंत्री के इस लाभकारी योजना का लाभ जरूर ले और बिजली बिल से बचे। योजनांतर्गत घर में स्थापित प्लांट से उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली से न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि योजना की जानकारी लोगो तक नही पहुॅच पा रही है इसके लिए विद्युत मण्डल के एजेन्सी वार्डों में जाकर शिविर लगावे तथा प्रचार प्रसार करें।

# अंग्रेजी विभाग में मना विश्व शब्दकोश दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मि देवी सिंह कालेज में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में विश्व शब्दकोश दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जितेंद्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन आयोजित कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग की अतिथि सहायक प्राध्यापिका अंजलि सिंह ने शब्दकोश के जनक नोह वेबस्टर के जीवन, योगदान और भाषा ज्ञान में शब्दकोश की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 16 अक्टूबर को विश्व शब्दकोश दिवस के रूप में मनाया जाता है जो भाषायी समझ और शब्दों की विविधता को सम्मान देने का प्रतीक है। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष सतीश माहला, डॉ उमेंद कुमार चंदेल, सहायक ग्रंथपाल विनय कुमार चौहान, नरेंद्र वर्मा, डॉ.परमेश्वरी कुम्भज टांडिया एवं खेमपाल धनकर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ब्राउन की पुण्यतिथि मनी

रानी रश्मि देवी सिंह कालेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा अल्फ्रेड रेजीनाल्ड रेडक्लिफ ब्राउन की पुण्यतिथि मनाई गई। प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जितेंद्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन आयोजित कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ.परमेश्वरी कुंभज टांडिया ने बताया कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक चिंतन और जागरूकता लाना है। एआर रेडक्लिफ ब्राउन 20वीं सदी के महान समाजशास्त्री एवं मानव-विज्ञानी रहे। उनका कार्य आधुनिक सामाजिक विज्ञान की नींव रखने वाला माना जाता है। धरमपाल वर्मा ने कहा कि रेडक्लिफ ब्राउन जैसे दूरदर्शी विचारकों का योगदान मानव समाज की समझ को नई दिशा देता है। उनके विचारों ने सामाजिक मानवविज्ञान को एक वैज्ञानिक अनुशासन के रूप में स्थापित किया। कार्यक्रम में डॉउमेंद चंदेल, खेमपाल, शबाना खान सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# पर्यावरणीय लोक सुनवाई 11 दिसंबर को

- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के बुंदेली में होगी सुनवाई, अपर कलेक्टर को बनाया गया प्राधिकृत अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नया रायपुर द्वारा मेसर्स श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रस्तावित सण्डी लाइमस्टोन ब्लॉक परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया के अंतर्गत लोक सुनवाई आयोजित की जाएगी। यह सुनवाई 11 दिसंबर को दोपहर 12 बजे, सरस्वती शिशु मंदिर, बुंदेली में संपन्न होगी।

यह सुनवाई सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी, जिन्हें इस हेतु प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रस्तावित परियोजना अंतर्गत चूना पत्थर खनन कार्य ग्राम सण्डी, पण्डरिया, बुंदेली, विचारपुर एवं भारदगोंड के क्षेत्रों में किया जाना प्रस्तावित है।

### रोजगार भी करेगी सृजित

खनन कार्य के साथ-साथ परियोजना में प्राइमरी क्रशर (1200 टीपीएच), सेकेंडरी क्रशर (400 टीपीएच) तथा वॉबलर इंस्टॉलेशन का भी प्रस्ताव है। यह परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक एवं खनिज विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी, हालांकि इसके पर्यावरणीय प्रभावों के आकलन हेतु यह लोक सुनवाई महत्वपूर्ण चरण है। इस लोक सुनवाई में संबंधित ग्रामों के नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाएं तथा इच्छुक व्यक्ति अपने सुझाव, आपत्तियां एवं अभिमत प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त अभिमतों के आधार पर परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

परियोजना का खनन क्षेत्रफल 404 हेक्टेयर है, जिसमें 3.64 मिलियन टन प्रति वर्ष चूना पत्थर उत्पादन क्षमता निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त खनन प्रक्रिया में उत्पन्न अपशिष्ट 5.128 मिलियन टन प्रति वर्ष, टॉप सॉइल 0.0409 मिलियन टन, तथा आरओएम रिजेक्ट्स 0.182 मिलियन टन अनुमानित हैं।

# युगांतर पब्लिक स्कूल में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



युगांतर पब्लिक स्कूल में चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, हैड मिस्ट्रेस विनिता तिलवानी की उपस्थिति में दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ।

प्रबंध समिति ने विद्यालय के टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ को दीपावली का उपहार देकर दिल जीता। युगांतर के प्राचार्य मधुसूदन नायर सहित अन्य स्टाफ को भी दीपावली उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। युगांतर के स्टॉफ ने प्रबंधन की इस अनूठी पहल का स्वागत करते इसे सराहनीय कदम बताया।

दीपावली मिलन समारोह की शुरूआत माता की पूजा-अर्चना से हुई। संस्था के पदाधिकारियों तथा प्राचार्य सहित शिक्षकों ने ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की विधिवत शुरूआत की। संगीत शिक्षक टी. विशाल, आकांक्षा चतुर्वेदी, लवली पॉल, नम्रता तिवारी, परमजीत ठाकुर, बलवंत निषाद ने शानदार गीत गाकर तालियां बटोरी।

### स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने की पहल

विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी ने कहा कि आप सभी के लिए दीपावली का पर्व उल्लास और उमंग से परिपूर्ण हो। उन्होंने जैसे ही यह घोषणा की कि प्रबंधन सभी स्टॉफ के लिए स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान कर रहा है, वैसे सारा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसी तारतम्य में निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि आप सभी के लिए दीपावली का पर्व पुनः नई ऊर्जा के साथ कार्य करने सार्थक सिद्ध हो। उन्होंने पुनः समर्पण के साथ कार्य करने के लिए जोर दिया। उन्होंने सभी टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ को दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी स्टॉफ को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने की पहल चेयरमैन ने की, फिर हम सभी ने इस पहल का समर्थन किया। संस्था की प्रगति टीम भावना के साथ कार्य करने पर ही निर्भर होती है। नान टीचिंग स्टॉफ से मेस प्रभारी, ट्रांसपोर्ट , सुपरवाइजर , वार्डन अपने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सम्मानित हुए। समारोह का संचालन प्राचार्य मधुसूदन नायर ने किया।

# नांदगांव में बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा आयोजित

- सफल प्रतिभागियों को बेल्ट व प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्टस कस्तूरबा महिला मंडल स्कूल प्रांगण में शीकोकाई शितोरियू कराते इंडिया के प्रमुख प्रशिक्षक हांशी भारत शर्मा के मार्गदर्शन में शिहान मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा ली गई। बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा के दौरान मुख्य परीक्षक शिहान मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा 25 प्रतिभागी खिलाड़ियों का कराते की विभिन्न विधाओं पंच, ब्लॉक, किक, एडवांस बेसिक, काता सहित परीक्षार्थियों के पावर, स्टेनिमा एवं स्पीड की प्रायोगिक परीक्षा ली गई।

उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ शिकोकाई शितोरियू कराते के प्रमुख प्रशिक्षक एवं राजनांदगांव जिला कराते संघ के सचिव रेंशी मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा बेल्ट एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। उक्त परीक्षा में ब्लैक बेल्ट, ब्राउन बेल्ट, ग्रीन बेल्ट, ऑरेंज बैल्ट एवं एलो बेल्ट के 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं सफलतापूर्वक ग्रेडिंग परीक्षा उत्तीर्ण की। जबकि एक खिलाड़ी अन्नपूर्णा साहू को ब्लैक बेल्ट से नवाजा गया। उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को छग पर्यटन बोर्ड अध्यक्ष एवं राजनांदगांव जिला कराते संघ अध्यक्ष नीलू शर्मा सहित जिला कराते संघ के सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, उपाध्यक्ष सेंसाई कमल पूजन, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सह-सचिव सतीश पदम, कोच सेंसाई अंबर सिंह भारद्वाज, राजनांदगांव जिले के सीनियर प्रशिक्षक दुर्गेश साहू, करण साहू, लोकिता साहू, तरूण साहू, भास्कर साहू, पूरविल साहू व पदाधिकारियों एवं पालकगणों ने शुभकामनाएं दी।

### उत्तीर्ण विद्यार्थियों में रहे शामिल

परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं में जूनियर व सीनियर येलो बेल्ट में हिमशी सिंह, हरितिमा सिंह, मालवी मिश्रा, आराध्या अग्रहरि, अर्जुन गुप्ता, उन्नति सिंह, सुरूचि साहू, अरिजित कुमार त्रिवेदी, जूनियर व सीनियर ऑरेंज बेल्ट में कबीर सोनकर, आयुशी वर्मा, लिमिशा वासनिक, उन्नति सिंह, हनोक सिन्हा, बनीत कौर, भाविका सिंह, शिवम सिंह, फाल्गुनी सिन्हा, जूनियर व सीनियर ग्रीन बेल्ट में मान्या साहू, नोवेश निनावे, मुस्कान साहू, छविकांत मेश्राम, जूनियर एवं सीनियर ब्राउन बेल्ट में श्रेष्ठ मिश्रा, मानविक सेठिया, भेरूशी साहू एवं ब्लैक बेल्ट में अन्नपूर्णा साहू शामिल।

### आदित्य और अंशुल को मिला गोल्ड मेडल

**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर के दो छात्रों ने डोंगरगढ़ में आयोजित स्टेट लेवल जू-जीत्शु प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कक्षा-नवमीं के आदित्य मोटघरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल हासिल किया। इसी तरह कक्षा नवमीं के अंशुल नखत को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल मिला। विजेता विद्यार्थियों को नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़यिा, समीर पोद्दार, कुंतल बाजपेयी, पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य अंजुम जहान, जी राम सिन्हा एवं खेल शिक्षक एलआर कदम ने बधाई दी है। यह जानकारी व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

## एकता, प्रेम और भाईचारे का दिया संदेश

# दुबेलिया तेली समाज का दीपावली मिलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



केंद्रीय दुबेलिया तेली साहू समाज छत्तीसगढ़ का दीपावली मिलन कार्यक्रम ग्राम कौड़िया में रविवार को केन्द्रीय अध्यक्ष शिवकुमार साहू के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त माता कर्मा एवं भगवान शंकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने दीप जलाकर एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में सामाजिक, युवा पदाधिकारी ने अपने विचार व्यक्त किया।

संचालन केंद्रीय सचिव हरिराम साहू ने किया। इस अवसर पर धनऊराम साहू, बृजलाल साहू, प्रेमलाल साहू, सीआर साहू, केशव साहू, पुनीत साहू, किशन साहू, दुर्गा साहू, राधेलाल सेलोकर, छन्नू साहू, प्रभुदयाल साहू, संतोष साहू, रामेश्वर साहू, अवधराम साहू, टेकराम साहू, ठाकुरराम साहू, बद्रीराम साहू, गैंदलाल साहू, संतोष साहू, संतन साहू, सदाराम, मनीष साहू, राजेश कुमार साहू, डॉ यशवंत साहू, बसंत साहू, मनीराम साहू, ज्ञानलाल साहू, लखनूराम साहू, जगतराम साहू, कामता साहू, अनुज साहू, कन्हैया साहू, मनोज साहू, भारत साहू, राजकुमार साहू, ईश्वरी साहू, संतोष कुमार साहू, रामगोपाल साहू, नंदू साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### दीपावली मिलन प्रभु के आदर्शों पर आधारित है

केंद्रीय अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि श्री राम के 14 वर्ष वनवास के बाद अयोध्या लौटने पर दीपावली मनाया जाता हैं। दीपावली मिलन प्रभु के आदर्शों आधारित है जिसमें स्वजातिय शामिल होकर एक-दूसरे से गले मिलते है यह मिलने ही असली दीपावली है। उन्होंने बताया कि आगामी 3 एवं 4 जनवरी को महासभा खैरागढ़ ब्लॉक में प्रस्तावित किया गया है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्षों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# ग्रामीण अंचल में पहुंच रहा नेत्र चिकित्सा दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




राज्य शासन के निर्देश पर संपूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान का संचालन जिले मे चयनित किया गया है। अभियान तहत नेत्र चिकित्सा दल गांव-गांव पहुंचकर विभिन्न नेत्र रोगों की पहचान, जांच और उपचार कर मरीजों को निशुल्क दवाइयां और प्रेस बायोपिक चश्मे भी वितरित कर रहा हैं वहीं जटिल नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों को उच्च नेत्र चिकित्सा संस्थानों में निःशुल्क ऑपरेशन और उपचार की सुविधा शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। इस अभियान के दौरान नेत्रदान, कॉर्निया प्रत्यारोपण, लेंस प्रत्यारोपण, कांचबिंद, लो विजन, रेटिनोपैथी और ऑप्टिक तंत्र रोगों की पहचान कर उनका उपचार किया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने में मितानिन, आरएचओ, सीएचओ, सुपरवाइजर, बीईटीओ, बीपीएम, चिकित्सा अधिकारी, नेत्र सहायक अधिकारी, नेत्र विशेषज्ञ व नोडल अधिकारी (एनपीसीबी) की टीम बीएमओ डॉ विवेक बिसेन के मार्गदर्शन और सीएमएचओ डॉ आशीष शर्मा के निर्देशानुसार सेवा दे रही है। राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण समितिने सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित स्थलों पर पहुंचकर नेत्र जांच एवं उपचार शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## सार समाचार

### किसान को तत्काल मिली ऋण पुस्तिका

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के समक्ष लाल बहादुर नगर तहसील के ग्राम झिंझारी निवासी किसान मूलचंद तेली ने जनदर्शन में



डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते आवेदक को ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया। आवेदक मूलचंद तेली ने बताया कि बिना ऋण पुस्तिका के खाद-बीज हेतु ऋण लेने में परेशानी हो रही थी तथा धान बिक्री में दिक्कत आ रही थी। अब ऋण पुस्तिका मिलने पर समस्या का निराकरण हो गया है। मूलचंद तेली ने खुशी जाहिर करते कहा कि अब ऋण पुस्तिका मिल जाने से उन्हें धान बिक्री करने एवं खाद-बीज खरीदने में परेशानी नहीं होगी।

### अवैध शराब की बिक्री, 32 पौवा बरामद

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी से 32 पौवा शोले देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 अक्टूबर को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री कर रहा है। पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान में जाकर मुखबीर द्वारा बताए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हीरालाल धनगुर होना बताया। शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर आरोपी द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी हीरालाल धनगुर 50 साल निवासी बाजार नवागांव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 32 पौवा देशी शराब कीमती 2880 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया।

### हाई रिस्क वाली गर्भवती महिला से फोन पर ली स्वास्थ्य की जानकारी

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष



में छुरिया विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र महाराजपुर में ग्राम रामपुर निवासी हाई रिस्क वाली गर्भवती माता श्रीमती हेमकुमारी से फोन से बात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने उन्हें समय पर दवाईयां लेने तथा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय-समय पर उनके तबीयत के संबंध में जानकारी ली जाएगी। श्रीमती हेमकुमारी ने बताया कि पहला बच्चा आपरेशन से हुआ था। उन्होंने दूसरा बच्चा जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज पेंड्री में ही कराने जानकारी दी। जिससे शिशु और माता दोनों स्वास्थ्य रहे। जिले के सभी हाई रिस्क वाली गर्भवती माता को प्रत्येक सप्ताह जिले से फोन कॉल कर स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है।

### 12 हितग्राहियों को किया दावा प्रमाण पत्र का वितरण

**राजनांदगांव।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार गांधी सभागृह राजनांदगांव में सभी बैंकों एवं जीवन बीमा



कंपनियों द्वारा विशेष अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार अंतर्गत निष्क्रिय खातों के सक्रियकरण एवं बिना दावा किए गए जमा राशि को वापस करने जिला स्तरीय जागरूकता एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक संचालित विशेष अभियान अंतर्गत किया गया। लीड बैंक अधिकारी जिला अग्रणी बैंक मुनीष शर्मा ने बताया कि अभियान अंतर्गत बैंक द्वारा अब तक 89 खातों में 73 लाख 87 हजार रुपए खाताधारकों एवं खाताधारकों के उत्तराधिकारियों को भुगतान किया गया है।

## पृष्ठ 11 का शेष

### आधी रात पुलिस ने दी...

ओपी चिचोला द्वारा 34(2) आबकारी एक्ट अजमानती के 1 प्रकरण में 2 आरोपी के पास से 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3000 रुपए व परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी थाना लालबाग द्वारा 34(1) आबकारी एक्ट के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 16 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1280 रुपए व बिक्री रकम 500 रुपए, ओपी सुकुलदैहान द्वारा 34(1) आबकारी एक्ट के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 17 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2040 रुपए व परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल थाना डोंगरगढ़ द्वारा 1 प्रकरण 36(सी) एवं थाना बोरतलाव द्वारा 36(च) आबकारी एक्ट के 2 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस प्रकार शराब के 9 मामलों में 10 आरोपियों से कुल 157 पौवा देशी शराब कीमती 14720 रुपए, बिक्री रकम 3720 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त 1 मोटर साइकिल एवं 1 स्कूटी जब्त किया गया है।

## निधन



### जीपी श्रीवास्तव

**राजनांदगांव।** सेवानिवृत्त प्रोफेसर गायत्री प्रसाद श्रीवास्तव का 29 अक्टूबर को सुबह निधन हो गया। उनका दाह संस्कार कल 30 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे महादेव घाट मुक्तिधाम रायपुर में किया जाएगा।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# पटवारियों को मुख्यालय में रहने के निर्देश, प्रतिदिन होगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने सभी पटवारी को मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आम जनता को परेशानी नहीं होना चाहिए। मुख्यालय में रहते पटवारी जनसामान्य के कार्यों को करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को उपस्थिति लेने के लिए कहा।

कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2, 3 एवं 4 नवंबर 2025 को म्युनिसिपल स्कूल मैदान में राज्योत्सव के आयोजन के लिए सभी विभाग अपनी पूरी तैयारी रखें। उन्होंने सभी विभागीय स्टॉल के संबंध में जानकारी ली। मंच, पेयजल, साज-सज्जा, साफ-सफाई, प्रकाश, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने खाद्य, कृषि एवं सहकारिता विभाग को आपसी समन्वय करते किसानों को कृषक पंजीयन में आ रही दिक्कतों का समाधान करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अधिक से अधिक जनमानस को लाभान्वित करने सभी कार्य करें।





#### अपार आईडी प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर ने सहकारिता अंतर्गत प्रत्येक गांव को समितियों से जोड़ने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने अपार आईडी बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1 लाख 83 हजार 270 में से 1 लाख 47 हजार 97 का अपार आईडी बन चुका है। जिसमें शेष 36 हजार 73 बच्चों का आधार अपडेट करना है। जिसके लिए उन्होंने चिप्स के माध्यम से शिक्षा विभाग को शिविर लगाकर आधार अपडेट करने कहा। लगभग 3 हजार बच्चों के आधार अपडेट का कार्य पूरा हो गया है। इसी तरह 15 दिसंबर तक शिविर लगाकर शत-प्रतिशत अपार आईडी निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने राज्योत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में कहा। उन्होंने धान के बदले अन्य कम पानी की आवश्यकता वाले फसल लगाने के संबंध में किसानों को जागरूक करने कहा।

#### खाद्य दुकानों में करें निरीक्षण

कलेक्टर यादव ने कहा कि भू-अर्जन का कार्य जारी रहना चाहिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग अंतर्गत प्रति सप्ताह एक प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की दुकानों में सतत निरीक्षण एवं कार्रवाई होना चाहिए। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के सुपोषण को ध्यान में रखते पोषण पुर्नवास केन्द्र के माध्यम से बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए कार्य करने कहा।

#### अगले माह लगेगा शिविर

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने पशु उपचार औषधि वितरण, कृमिनाशक दवा वितरण, डीटिकिंग, बधियाकरण, नमूना जांच, लघु शल्य एवं पशु स्वास्थ्य शिविर की समीक्षा की। उन्होंने पशुधन विकास विभाग के चिकित्सकों को लगातार शिविरों का आयोजन कर कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी नवंबर माह में शिविरों का आयोजन कराने कहा।

### जन्मोत्सव पर आज निकलेगी निशान यात्रा

**राजनांदगांव।** खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन कल 30 अक्टूबर को भव्य निशान यात्रा रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से प्रारंभ होगी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति, युवा शक्ति के साथ ही मार्गदर्शक मंडल के सदस्यों द्वारा अपने हाथों में धर्म ध्वजा (निशान) उठाए जाएंगे। निशान यात्रा शाम 5 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री हनुमान श्याम मंदिर जीई रोड रायपुर नाका पहुंचेगी।

श्री श्याम भरोसे परिवार युवा ब्रिगेड के निखिल मिश्रा, श्याम शर्मा, दीपक पटेल, आयुष महोबिया, अभिषेक सेन, शुभम खुराना, प्रियंक श्रीवास्तव, ईशान शर्मा, कपिल शर्मा के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु के पांच दिवसीय जन्मोत्सव के प्रथम दिवस 29 अक्टूबर को श्याम नाम की मेहंदी सैकड़ों माता- बहनों एवं बंधुओ ने अपने हाथ में रचवाकर श्याम प्रभु के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा प्रकट की।

युवा ब्रिगेड के विनायक शर्मा, अंजय शर्मा, भानु अग्रवाल, सुयश शर्मा, आयुष कुमावत, अभिषेक शर्मा, आदित्य सोनी, चयन गायघने, लक्ष्य शर्मा व मयंक अग्रवाल ने बताया कि 30 अक्टूबर शाम 05 बजे श्री श्याम प्रभु की भव्य निशान यात्रा श्री श्याम कुटी रामाधीन मार्ग से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, कामठी लाइन से दिल्ली दरवाजा से जीई रोड होते हुए श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी।

## दर्जनभर से अधिक आरक्षक भेजे गए रक्षित केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने एक आदेश जारी कर दो प्रधान आरक्षक एवं तेरह आरक्षकों का स्थानांतरण किया है।

प्रधान आरक्षक अखिल अंबादे डोंगरगढ से रक्षित केन्द्र, राजेश परिहार बसंतपुर से रक्षित केन्द्र, आरक्षक मोहसिन खान बसंतपुर से रक्षित केन्द्र, रंजीत चौरसिया कोतवाली से रक्षित केन्द्र, राम खिलावन सिन्हा कोतवाली से रक्षित केन्द्र, मनोज जैन चिखली से रक्षित केन्द्र, असलम खान चिखली से रक्षित केन्द्र, राजकुमार बंजारा लालबाग से रक्षित केन्द्र, राकेश ठावरे लालबाग से रक्षित केन्द्र, मनोज खुंटे साइबर सेल से रक्षित केन्द्र, परिवेश वर्मा साइबर सेल से रक्षित केन्द्र, प्रख्यात जैन साइबर सेल से रक्षित केन्द्र, योगेश साहू डोंगरगढ से रक्षित केन्द्र, गुलाब चन्द्राकर सोमनी से रक्षित केन्द्र, मो. शहबाज सिद्दकी घुमका हाल सोमनी से रक्षित केन्द्र भेजे गए हैं।

#### निरीक्षकों का भी स्थानांतरण

ज्ञात हो कि इसके पहले 28 अक्टूबर को निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों का भी तबादला किया गया है। जिसमें निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह डोंगरगढ से रक्षित केन्द्र, निरीक्षक संतोष कुमार जायसवाल चौकी प्रभारी मोहारा को थाना प्रभारी डोंगरगढ, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार खरे डोंगरगढ को चौकी प्रभारी मोहारा और उपनिरीक्षक भागवत ठाकुर को रक्षित केन्द्र से थाना डोंगरगढ में पदस्थ किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने इन सभी आदेश को तत्काल प्रभावशील किया है।

## पुलिस का अभियान तेज, शराब कोचिया पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शराब कोचियों को पकड़कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 28 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना पर ग्राम नारायणगढ़ के दो व्यक्ति प्रेमन ठाकुर 23 वर्ष व हीरालाल निषाद 19 वर्ष के कब्जे से एक शोल्ड स्कूटी के डिग्गी से 15 पौवा देशी शोले शराब एवं 15 पौवा च्वाईस व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 3000 रुपए, जो अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु अवैध शराब बिक्री कर रहा था एवं शराब रखने व बिक्री हेतु प्रयुक्त शोल्ड स्कूटी को जब्त कर आरोपियों का कृत्य धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया।



#### बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई

इधर थाना बसंतपुर क्षेत्र के शराब कोचिया के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान आरोपी कमलेश नेताम 42 साल निवासी ढीमरपारा को अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3200 रुपए एवं बिक्री रकम 220 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

#### तुमडीबोड पुलिस की कार्रवाई

इधर तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र में आरोपी राजूलाल वर्मा 43 साल निवासी ग्राम कोहका को अवैध रूप धन अर्जित करने की गरज से अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन मदिरा व 10 पौवा अंग्रेजी शराब बॉम्बे गोवा शराब कीमती 2960 तथा बिक्री रकम 650 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

#### बाइक में शराब ले जाते पकड़ाया

इधर पुलिस सूत्रों के अनुसार सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 28 अक्टूबर को ग्राम हरदी में स्कूल के पास बाइक चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को रोककर उनके बाइक प्लेटिना को रोककर चेक करने पर गाड़ी की डिक्की में 17 पौवा बेस्टो रेयर अंग्रेजी शराब कीमती 2040 रुपए बरामद हुआ। बरामद शराब एवं घटना में प्रयुक्त बाइक प्लेटिना कीमती 40,000 रुपए जुमला कीमती 42040 रुपए को जब्त कर आरोपी जमादास मारकंडे को गिरफ्तार कर जुर्म जमानतीय होने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## गौ भक्तों ने मनाया गोपाष्टमी महापर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति के गौ भक्तों ने सर्वदेवमई वेदलक्षणा गौ माता पूजन कर गोपाष्टमी महापर्व मनाया।

गौ सेवक सौरभ खंडेलवाल एवं राहुल अग्रवाल ने बताया कि कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी महापर्व का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने 6 वर्ष की आयु में गोचारण प्रारंभ किया था, तभी से गोपाष्टमी पर्व भक्तों की आस्था और श्रद्धा, भक्ति, आराधना, उपासना, साधना, सेवा, समर्पण का भाव जागृत करता है। सर्व देवमई वेदलक्ष्णा गौमाता में 33 कोटी देव-देवताओं का वास माना गया है। गौ सेवक राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, रितेश यादव, मयंक शर्मा, संदेश जैन एवं अन्य सेवकों द्वारा विभिन्न चौक-चौराहा में पूजन करते अंत में गौशाला पिंजरा पोल जीई रोड में पहुंचकर वेदलक्ष्णा गौमाता का पूजन-अर्चन कर वस्त्र पहनाकर पूजा-अर्चना करते गौमाता की आरती उतारी गई। गुड-रोटी खिलाकर गौ प्रदक्षिणा की गई। सभी ने गौ माता की जयघोष की एवं गौमाता के गोबर का सभी भक्तों ने तिलक लगाया। गौमाता की सेवा में समर्पित सेवकों का सम्मान तिलक लगाकर, अंग वस्त्र दुपट्टा पहनाकर सत्कार किया गया। भेंट स्वरूप उन्हें भेंट प्रदान की गई। उपरोक्त जानकारी सौरभ खंडेलवाल ने दी।

## मोबाइल की लूट, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डरा-धमका कर मोबाइल फोन की लूट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी शुभम कुमार साहू 20 साल निवासी ग्राम बनभेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 अक्टूबर को वह अपने दोस्त महावीर कुमार साहू के साथ अपनी मोटर साइकिल में दोपहर में भिलाई से ग्राम बनभेड़ी के लिए निकले थे। दोपहर करीबन साढे 3 बजे ट्रांसपोर्ट नगर चौक के पास पेशाब करने के लिए रूके थे, तभी दो अज्ञात व्यक्ति एक्टिवा में आकर मोबाइल से बात करने का बहाना बताकर प्रार्थी से मोबाइल मांगा, प्रार्थी द्वारा मोबाइल देने से मना करने पर दोनों अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए डरा-धमकाकर प्रार्थी से उसके एप्पल आई फोन व प्रार्थी के दोस्त से वीवो फोन जबर्दस्ती लूट लिया। रिपोर्ट पर धारा 309(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

#### मोबाइल बरामद

पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त मामले में पता तलाश के दौरान दीपक उर्फ टिकली नेताम 22 साल निवासी पेंड्री एवं सचिन लकड़ा 26 साल निवासी रेवाडीह को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपियों के कब्जे से लूट किए गए मोबाइल आई फोन एवं लूट में प्रयुक्त वाहन एक्टिवा को जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 111 बीएनएस जोड़ी गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया।

### तैराकी प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** 12वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता 28 अक्टूबर को बिलासपुर में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में राजनांदगांव शहर के दिव्यांग तैराक सीनियर वर्ग से राकेश सिन्हा ने 50 मीटर बटर फ्लाई में प्रथम स्थन प्राप्त किया। 100 मीटर फ्री स्टाई में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं जूनियर वर्ग में रूपेश चनावे 50 मीटर फ्री स्टाई एवं 3 गोल्ड मेडल प्राप्त किए।

कालड़ा हॉस्पीटल
KALDA HOSPITAL
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## युगांतर ने बास्केटबॉल में पुनः स्वर्ण पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल की अंडर-19 आयु वर्ग की बालक टीम ने डीपीएस राजनांदगांव में आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में पुनः स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रचा है। फाइनल मुकाबले में युगांतर की बालक टीम ने डीपीएस बैंगलोर कर्नाटक को 50-23 अंक से एकतरफा परास्त कर सीनियर स्कूल नेशनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। यह प्रतिस्पर्धा स्कूल गेम्स फेडरेशन द्वारा जनवरी माह में आयोजित होगी।

इसके पहले हुए लीग मैच में युगांतर की टीम ने डीपीएस दुबई, डीपीएस बैंगलुरू, चिरेस इंटरनेशनल स्कूल हैदराबाद को परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद टीम ने क्वार्टर फाइनल में कार्मेल पब्लिक स्कूल एर्नाकुलम को 128-33 अंक से हराकर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, फिर सेमीफाइनल मैच में युगांतर की टीम ने सेंट अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल वाराणसी की टीम को एकतरफा परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। युगांतर की ओर से शुभम सिंह, अभिषेक पाठक, रूहान, अनुराग, अनिरुद्ध वेंकटरमन एवं गणेश भंडारे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने महती भूमिका निभाई । शुभम सिंह को बेस्ट प्लेयर, मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर, गणेश भंडारे को बेस्ट शूटर के अवार्ड से नवाजा गया। टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव, कालवा राधा राव, सहायक कोच नवनीत द्विवेदी रहे, जिनके मार्गदर्शन में टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उक्ताशय जानकारी देते युगांतर के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि युगांतर की टीम विगत कई वर्षों में इन नेशनल प्रतिस्पर्धाओं में विजेता रही। इस वर्ष भी चैम्पियनशिप जीतकर विद्यालय ने नया कीर्तिमान बनाया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर तथा प्रबंध समिति ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी है।





### बम्हनी में 5 को सम्मान समारोह

**राजनांदगांव।** ग्राम बम्हनी (सुकुलदैहान) में आदिवासी कंवर समाज विकास समिति, परिक्षेत्र संस्कारधानी राजनांदगांव (छग) द्वारा तहसील स्तरीय दीपावाली मिलन, युवक-युवती परिचय एवं कंवर गौरव सम्मान समारोह-2025 का आयोजन आगामी 5 नवंबर को किया जा रहा है। इस सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में समाज के शिक्षित, व्यवसायिक, कृषि, खेलकूद एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभावान व्यक्तियों को ''कंवर गौरव सम्मान'' से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है।

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोड़ना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रेक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias, Vaginoplasty, गुप्त स्थानो की सर्जरी
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड, सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

पीएम आवास योजना ग्रामीण एवं जनमन आवास पाकर ग्रामीण परिवारों को मिली आपार खुशियां

# विजय शर्मा के प्रयासों से जिले के 60,184 से अधिक परिवारों को मिला अपना पक्का आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रोटी, कपड़ा और मकान जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं में से एक है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार को सभी मौसम गर्मी, ठंड और बरसात से बचाते हुए लगातार प्रयासरत रहता है कि वह परिवार की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकुशल जीवन यापन कर सके। अपने परिवार को सुरक्षित रखने और समाज में जीवन स्तर को बेहतर बनाए रखने के लिए खुद का पक्का घर भी बहुत जरूरी है। ग्रामीण अंचलों में लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के कारण पक्का घर बनाने का सपना जल्द पूरा नहीं हो पता है। जिले के मैदानी क्षेत्र से लेकर वनांचल एवं दुर्गम स्थानों में रहने वाले ग्रामीण भाई-बहनों को अपने आशियाने के लिए परेशान ना होना पड़े और उन्हें सम्मान व सुरक्षा के साथ सुखद जीवन देने का सपना छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने देखा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल और उप मुख्यमंत्री के संघर्षो का फल है कि कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं जनमन आवास अंतर्गत 18 महीने के अल्प समय में 60184 से अधिक आवास स्वीकृत होकर निर्माण का वृहद अभियान लगातार चल रहा है और अब योजना के सकारात्मक नतीजे भी सबके सामने है जिसमे हजारों ग्रामीण आवासहीन परिवार अपने पक्के आवास में परिवार सहित सकुशल जीवन यापन कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के लगातार प्रयासों का नतीजा है कि जिले में दिसंबर 2023 से 59280 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए लक्ष्य रखा गया। अल्प समय में 50559 ग्रामीण परिवारों को प्रति परिवार की दर से 1.20 रुपए की लागत से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर उनके जीवन में अपार खुशियों की सौगात दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निरंतर कार्य करते हुए निर्माण कार्य को पूरी गति से आगे बढ़ाया गया। जिसका सुखद परिणाम है कि सिर्फ डेढ़ वर्ष के अंदर ही 24320 ग्रामीण परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूरा हो गया। अब यह परिवार खुशी से अपने पक्के घर में निवास कर रहे हैं। इसके साथ ही 26239 ग्रामीण परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास बनाने का कार्य भी पूरी गति से चल रहा है। उल्लेखनीय है कि सभी आवासों का निर्माण हितग्राही स्वयं कर रहे हैं और पैसा उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे जारी हो रहा है।

## सुख, समृद्धि और विकास की नई राह: पीएम जनमन आवास



उपमुख्यमंत्री का ही सपना था कि बैगा समुदाय के लोगों को उनका अपना पक्का घर मिले जो वनांचल, पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रो में रहते है। विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को विकास के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। यही कारण है कि पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत सर्वाधिक आवास निर्माण की स्वीकृति कबीरधाम जिले में दी गई है। आज जिले के वनांचल क्षेत्रो में 9625 बैगा परिवारों के लिए 2 लाख रुपए प्रति परिवार की दर से जनमन आवास स्वीकृत हुआ है। विषम परिस्थितियों में कार्य करते हुए 3513 बैगा परिवारों का अपना पक्का घर बन चुका है और वह खुशी-खुशी इन घरों में रह रहे हैं। जनमन आवास के निर्माण में 95 दिवस का रोजगार महात्मा गांधी नरेगा योजना द्वारा अलग से प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही शौचालय की सुविधा, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत स्वास्थ्य कार्ड, महतारी वंदन योजना जैसे प्रमुख योजनाओं से इन्हें जोड़ा गया है।

# देखरेख के अभाव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल-बेहाल

## स्टॉफ व मरीजों में डर का माहौल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव/कुण्डा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा स्थित लगभग 20 वर्ष पुरानी भवन होने तथा देखरेख के अभाव में छत से प्लास्टर टूटकर गिर रहा है, जिससे मरीज व स्टॉफ में डर का माहौल में काम करने तथा ईलाज कराने मजबूर है। बताया जाता है कि आसपास क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीण रहवासी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा का लाभ उठा रहे हैं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा देखरेख के अभाव में बारिश दिनों छत सीपेज से हालात और बिगड़ जाते हैं, कई कमरे ऐसे हैं जहां मरीजों और डॉक्टरों की हिम्मत नहीं होती जाने की। यहीं वजह है कि छत से गिरते प्लास्टर के टुकड़े और चारों ओर फैली बदबू और गंदगी में स्टॉफ में डर का माहौल में काम करने को मजबूर है। मिली जानकारी के अनुसार बारिश के समय स्थिति और खतरनाक बना जाता है, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के कई हिस्सों में छत से पानी टपकता था। वहां का नजारा खंडहर जैसा हो गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि सरकार द्वारा जहां लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए नित नए कदम उठाकर बड़ा बजट खर्च कर रही है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आज भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा की हालत बहुत ही जर्जर होने से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। अस्पताल भवन की स्थिति ऐसी है कि यहां बैठना भी खतरे को न्योता देने के बराबर है।

### छत के सरिया तक दिखाई दे रहे हैं

बताया जाता है प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा भवन की छत जगह-जगह से प्लास्टर उखड़ कर गिर रहा है, ग्रामीणों और डाक्टर का कहना है कि भवन जर्जर होने से हमेशा हादसे का डर बना रहता है। गौरतलब है कि सरकार की ओर से दूर-दराज के ग्रामीण प्राथमिक सेवाएं बेहतर बनाने के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाए जाते हैं, इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजों के लिए कुण्डा, कोलेगांव, नवागांव, लोखन, सुकली गोविंद, रापा, बसनी, सेमरकोना, माकरी गिरधारी कापा सहित 15 किलोमीटर आसपास के क्षेत्र से रोजाना पहुंचते है, लेकिन भवन की दशा देख लोगों को निजी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा की ओर रुख करना पड़ रहा है।

# नेशनल हाईवे सड़क किनारे खड़ा सूखा पेड़ राहगीरों के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग सड़क किनारे स्थित ग्राम सिंघनपुरी-बरबसपुर, बीजाझोरी-हरिनछपरा-राम्हेपुर कला चौक में कई दर्जनों खड़ी सूखा पेड़ राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। देखरेख के अभाव में जो पूरी तरह पेड़ सूख गए हैं, वहीं वर्तमान में सड़क किनारे ठूठ जैसे दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे सड़क किनारे स्थित सूखा पेड़ अब राहगीरो के लिए काल बनकर खड़ा हुआ है। बताया जाता है कि सुखे पेड़ कभी भी सड़क के बीचों-बीच गिर सकते हैं, जबकि इस मार्ग पर सुबह से देर रात तक 24 घंटे तेज रफ्तार व भारी वाहनों का आवागमन लगा रहता है और दो पहिया व चार पहिया वाहन चालक फर्राटे भरते है। ग्रामीणों का कहना है कि सूखे पेड़ की डालियां अचानक किसी के ऊपर गिर सकते हैं जो की छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है। जिस पर ग्रामीण रहवासियों ने जिम्मेदार को इस




ओर ध्यान देने की बात कही है ताकि सूखा पेड़ को हटा दिया जाए एवं सड़क हादसे से बचा जा सकें।

# स्मार्ट क्लास के शुभारंभ से होगा शिक्षा में तकनीक का समावेश: वीरेन्द्र साहू

- जिला पंचायत सभापति ने ग्राम कोको स्कूल में किया स्मार्ट क्लास का शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सरकारी स्कूलों में स्मार्ट स्कूल बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के शानदार प्रयासों के तहत गत मंगलवार को कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत संचालित 17 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ करते हुए शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई। इसी कड़ी में जिला पंचायत सभापति वीरेन्द्र साहू ने ग्राम कोको में संचालित शासकीय स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया।

इस अवसर श्री साहू ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह दिन हमारे लिए अत्यंत गौरव का क्षण है, क्योंकि हम अपने विद्यालय में स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक सुविधा का शुभारंभ कर रहे हैं। यह केवल एक तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत है। उन्होने कहा कि आज की दुनिया में ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति है और जब शिक्षा में तकनीक का समावेश होता है, तो वह ज्ञान और भी प्रभावशाली बन जाता है। स्मार्ट क्लास के




माध्यम से हमारे विद्यार्थी अब सिर्फ किताबों से नहीं, बल्कि चित्रों, वीडियोज और इंटरएक्टिव कंटेंट के जरिए सीख सकेंगे। इससे न केवल उनकी समझ बढ़ेगी, बल्कि सीखने में रुचि भी जागेगी। जिला पंचायत सभापति वीरेन्द्र साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। गांव-गांव और शहर-शहर में जब शिक्षा डिजिटल रूप लेगी, तभी हम सच्चे अर्थो में आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर पाएंगे। उन्होने विद्यालय परिवार को बधाई दिया कि उन्होंने इस पहल को अपनाया और विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का बीड़ा उठाया। मुझे विश्वास है कि हमारे बच्चे आने वाले समय में इसी तकनीकी शिक्षा के बल पर देश का नाम रौशन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण क्षेत्रों में यादव सोहाई बनाने में लगे हुए है

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव



निवासी श्रीराम यादव द्वारा अभी अपना पूरा समय सोहाई बनाने में लगे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीराम यादव ने बताया कि 15 दिन पहले ही एकादशी एवं पुन्नी में गौ-माता को पहनाने के लिए ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण यादव द्वारा इन दिनों एकादशी एवं पुन्नी पर्व पर गौ माता को सोहाई पहनाने के लिए क्षेत्र के यादव जुटे हुए है। छत्तीसगढ़ी परम्परा अनुसार एकादशी व पुन्नी पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर रीति-रिवाज से यादव द्वारा दोहा कह कर सोहाई पहनाने की छत्तीसगढ़ी प्रथा आज भी क्षेत्र में प्रचलित है।

# एग्रीस्टेक में अब अपंजीकृत किसानों से व्यक्तिगत संपर्क कर करवाएं रजिस्ट्रेशन: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आगामी धान खरीदी के मद्देनजर किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन को लेकर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस वर्ष धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक में किसानों का पंजीयन होना अनिवार्य है। अभी जो कुछ किसान पंजीकृत नहीं हो पाए हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से संपर्क करते हुए उनका पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें पोर्टल में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है अतः यह काम मिशन मोड में किया जाना है। इसके लिए फील्ड स्तर पर एसडीएम तहसीलदार अपने पटवारी के माध्यम से किसानों से संपर्क कर पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करवाएं। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत प्राप्त दावा आपत्ति का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे किसानों की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। उन्होंने सोसायटी के पंजीयन के बारे में भी जानकारी ली और सभी के पंजीयन अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने अवैध धान परिवहन पर निगरानी रखने और कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। सीमावर्ती इलाकों में चेकपोस्ट स्थापित कर वहां 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि पूरी सतर्कता और गंभीरता से कर्मचारी ड्यूटी में तैनात रहें। उन्होंने किसानों के खसरा नंबर के आधार पर शून्य रकबा अथवा रकबे में किसी प्रकार की विसंगति के मामलों में तकनीकी सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए।

# कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ी आरूही श्रीवास ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शहर की खिलाड़ी आरुही श्रीवास ने एक बार पुनः भिलाई में



आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर कुमीते (कराटे) में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल कर पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य और जिले का नाम रौशन किया। खेल के मैदान में खिलाड़ी अभी अपने पूर्ण साहस, अनुशासन और निरंतर प्रयास के साथ खेल तो राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। वे मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट है, खिलाड़ी आरुही श्रीवास ने इस जीत का श्रेय अपने कोच आकाश सिंह और अपने माता-पिता को दिया। इस जीत से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। जिस पर माता श्रीमती संतोषी श्रीवास खुशी जताते हुए कहा कि बिटिया के जीत में उनके कड़ी मेहनत और इनके कोच के निरंतर प्रयास है, जिससे पूरे परिवार और समाज की छवि ऊंचा उठायेगी।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विशाल यूनिटी मार्च का आयोजन 10 नवम्बर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश के साथ यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक देशभर में आयोजित होने वाली पद यात्राओं की श्रृंखला के अंतर्गत जिला स्तरीय यूनिटी मार्च 10 नवम्बर को आयोजित होगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि नगर पालिका परिषद




कार्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। 7 से 8 किलोमीटर लंबी यूनिटी मार्च निकाली जाएगी, जो सिग्नल चौक, झंडा चौक, सरस्वती शिशु मंदिर, हाई स्कूल कैलाश नगर, भागूटोला, गुरूकुल पब्लिक स्कूल होते हुए भोरमदेव आवासीय विद्यालय महराजपुर में संपन्न होगी। प्रेसवार्ता में अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, सासंद प्रतिनिधि गजराज सिंह राजपुत, सहायक संचालक एमके गुप्ता, जिला युवा अधिकारी सौरभ निषाद उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि यूनिटी मार्च का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गर्व और एकता की भावना को सुदृढ़ करना है। मार्च में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, विद्यार्थी और समाज के विभिन्न वर्गो के लोग हजारों की संख्या में शामिल होंगे। यूनिटी मार्च के रूट में विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। झंडा चौक पर कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर आधारित नुक्कड़ नाटक और राष्ट्रीय एकता नृत्य प्रस्तुति दी जाएगी। सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में राष्ट्रीय एकता पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम होगा। हाई स्कूल कैलाश नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, ग्राम भागूटोला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा तथा गुरूकुल पब्लिक स्कूल में प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। भोरमदेव आवासीय विद्यालय महराजपुर में अतिथियों द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण, उद्बोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि 07 नवम्बर को जिले के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में सरदार पटेल के जीवन पर आधारित निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता, तथा 08 नवम्बर को रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा सायकिल रैली भी निकाली जाएगी जो स्वामी करपात्री स्टेडियम से प्रारंभ होकर भारत माता चौक, राजमहल चौक, कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय होते हुए स्टेडियम में समाप्त होगी। यूनिटी मार्च के साथ सरदार पटेल के जीवन पर आधारित रथ भी शामिल रहेगा, जो नागरिकों को देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश देगा।

आंवला नवमी की पूजा संपन्न करने पर भक्त को अक्षय फल की प्राप्ति होती है

# आंवला नवमी पर आज की जाएगी पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, दामापुर, कुण्डा, बसनी, घोरपेंड्री, भगतपुर, धनेली सहित आसपास के ग्रामों में प्रतिवर्षानुसर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरूवार को आंवला वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाएगा, जिसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है। बताया जाता है कि आंवला नवमी कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है, आंवला नवमी की पूजा संपन्न करने पर भक्त को अक्षय फल की प्राप्ति होती है। अतः इसे अक्षय नवमी के रूप में भी जाना जाता है, इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे भोजन पकाया जाता है तथा परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर उस भोजन को ग्रहण करते हैं। महिलाएं इस पूजा का पालन बच्चों की खुशी पाने और उन्हें अच्छी तरह से करने के लिए करती हैं। शास्त्रों के अनुसार अक्षय नवमी के दिन किया गया पुण्य जन्म-जन्मान्तर तक खत्म नहीं होते हैं। इस दिन किए गए शुभ कार्य जैसे दान, पूजा, भक्ति, सेवा आदि का पुण्य कई जन्मों तक प्राप्त होता है। आंवला नवमी के दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है, तथा आंवले के पेड़ के नीचे भोजन करने की परंपरा शुरू हुई है। आंवला नवमी की कथा अनुसार एक बार देवी लक्ष्मी पृथ्वी का भ्रमण करने आई। रास्ते में उन्होंने भगवान विष्णु और शिव की एक साथ पूजा करने की कामना की। मां लक्ष्मी ने माना कि विष्णु और शिव को एक साथ कैसे पूजा जा सकता है। तब उन्होंने महसूस किया कि तुलसी और बेल की गुणवत्ता एक साथ आंवले के पेड़ में ही पाई जाती है। तुलसी को भगवान विष्णु से प्रेम है और भगवान शिव को बेल पत्र से माता लक्ष्मी ने आंवले के पेड़ को विष्णु और शिव का प्रतीक मानकर आंवले के पेड़ की पूजा की। पूजा से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु और शिव प्रकट हुए। माता लक्ष्मी ने आंवले के पेड़ के नीचे भोजन तैयार किया और उसे श्री विष्णु और भगवान शिव को परोसा। इसके बाद उन्होने उसी भोजन को प्रसाद रूप मे स्वयं ग्रहण किया। जिस दिन यह घटना हुई थी उस दिन कार्तिक शुक्ल नवमी तिथि थी। अतः यह परंपरा उस समय से चली आ रही है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मैदान में उतरा नगर पंचायत पाण्डातराई का अमला



**पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई इन दिनो अपनी तिजोरी भरने के प्रयासों में जुटा हुआ है और इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन ने नगर में कर वसूली अभियान की शुरूआत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व वसूली के लक्ष्य के लिए नगर पंचायत पाण्डातराई द्वारा चलाए जा रहे संपत्ति कर वसूली अभियान के तहत अधिकारी व कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्वयं दल के साथ निकलकर नगर के वार्ड क्रमांक 01 से इस अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के दौरान ऐसे उपभोक्ता जो मुफ्त का पानी डकार रहे हैं उनके नल कनेक्शन का विच्छेदन किया गया साथ ही अवैध नल कनेक्शन भी काटे गए। इसके अलावा बकायादारों से संपत्ति कर की वसूली की गई, बताया गया की आगे भी सभी वार्डों में इसी प्रकार से कार्यवाही की जाएगी।

### ग्राम किशुनगढ़ में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा काली उत्सव



**कवर्धा।** ग्राम किशुनगढ़ में इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जहां हर साल की तरह इस साल भी काली उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। लक्ष्मी पूजा के दिन स्थापित की गई मां काली की प्रतिमा के समक्ष प्रतिदिन सुबह और शाम आरती एवं पूजा-अर्चना की जा रही है। पूरे गांव में धार्मिक वातावरण और उल्लास का माहौल बना हुआ है। ग्रामवासी ग्यारह दिनों तक मां काली की आराधना में लीन रहते हैं, जिसके पश्चात देव उठनी एकादशी के दूसरे दिन मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। रात्रि के समय होने वाले भजन-कीर्तन में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। मां काली के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा है। यह उत्सव ग्रामवासियों की आस्था, एकता और परंपरा का जीवंत प्रतीक बन गया है।

### अर्जुन चंद्रवंशी को फेडरेशन में संयोजक की जिम्मेदारी, फेडरेशन में खुशी की लहर



**कवर्धा।** जिले के शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए गर्व का विषय है कि अर्जुन चंद्रवंशी को छत्तीसगढ़ कर्मचारी- अधिकारी फेडरेशन में संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष कर्मल वर्मा द्वारा जारी आदेश के तहत की गई है। श्री चंद्रवंशी वर्तमान में प्रधान पाठक हैं तथा पूर्व में विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक (समग्र शिक्षा), पंडरिया के रूप में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे चुके हैं। उनके मनोनयन से जिले के कर्मचारी वर्ग में हर्ष और उत्साह का माहौल है। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ कबीरधाम के जिलाध्यक्ष दीपक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री चंद्रवंशी को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से ऋषि महरा अध्यक्ष, तहसील शाखा, मोहन राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष, सुरेश ठाकुर महामंत्री, शत्रुहन डड़सेना कोषाध्यक्ष, संतोष साहू जिलाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश पेंशनर्स संघ, प्रताप चंद्रवंशी संरक्षक, संतोष कुमार सोनी संगठन सचिव, रामचंद साहू सचिव, दिलीप भट्ट अध्यक्ष, वन विभाग एवं प्रफुल्ल बिसेन विकासखण्ड अध्यक्ष शामिल हैं। सभी ने कहा कि अर्जुन चंद्रवंशी अपने अनुभव, कार्यकुशलता और संगठन के प्रति समर्पण से कर्मचारियों की आवाज को और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ाएंगे।

**कार्यवाही:** वन विभाग ने बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी जप्त कर दर्ज किए तीन प्रकरण

# ढाबों और ईंट भट्ठों में खप रही जिले के जंगलों की लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कई ढाबों सहित ईंट भट्टों में खप रहे जंगलों के बीच वन विभाग की टीम ने बीते मंगलवार को विकासखण्ड बोड़ला क्षेत्र अंतर्गत बोड़ला, चिल्फी, धवईपानी मार्ग में सड़क किनारे स्थित विभिन्न होटल एवं ढाबों का औचक निरीक्षण कर बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी जप्त की है। निरीक्षण के दौरान तीन ढाबा संचालकों द्वारा अवैध लकड़ी का उपयोग किए जाने वन अपराध प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं। लेकिन यह कार्यवाही महज खाना पूर्ति कार्यवाही मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जिले के जंगलों में न सिर्फ अवैध वन कटाई बदस्तूर जारी है बल्कि जिले भर में कई ढाबों सहित ईंट भट्टों में भी जंगल की लकड़ी खप रही है। जबकि ढाबों और ईंट भट्ठो में गिरी-पड़ी सूखी एवं बिक्री-अयोग्य लकड़ियों का उपयोग ही करने की अनुमति है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान पंजाबी काका ढाबा, ग्राम धवईपानी संचालक सरदार जसविंदर सिंह के कब्जे से 2 चट्टा जलाऊ लकड़ी जप्त कर प्रकरण पीओआर क्रमांक 21614/09 दर्ज किया गया है। इसी प्रकार मुकेश ढाबा, ग्राम धवईपानी संचालिका फूलबाई के कब्जे से मिश्रित प्रजाति की 28 नग बल्लियां जप्त प्रकरण पीओआर क्रमांक 21614/10, राय ढाबा, ग्राम धवईपानी संचालक गणेश राय के कब्जे से 1 चट्टा जलाऊ लकड़ी जप्त कर प्रकरण पीओआर क्रमांक 21614/11 दर्ज किया गया है। वन विभाग द्वारा सभी ढाबा संचालकों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में अवैध लकड़ी का उपयोग पाए जाने पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विभाग ने कहा कि ऐसे निरीक्षण अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि वन संपदा की अवैध कटाई एवं उपयोग पर पूर्ण रोक लगाई जा सके।

### जिलेभर में सुलगते है सैकड़ों अवैध ईंट भट्ठे



यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले भर में अवैध ईंट भट्ठे संचालित किए जाते हैं। जिनमें ईंधन के रूप में जिले के जंगलों से ही अवैध ढंग से जुटाई गई लकड़ी का ही उपयोग किया जाता है। कई अवैध ईंट भट्ठे तो जंगलों से लगे हुए ही संचालित होते हैं जिनके लिए संचालक बड़ी आसानी से पास के जंगलों से हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई कर लकड़ी जुटा लेते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस तरह के मामलों में वन विभाग द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। माना जा रहा है कि इस अवैध कृत्य को रोकने के लिए एक अभियान चलाकर कार्यवाही की जरूरत हैं।

### छिरहा के विद्यार्थी का जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के कक्षा दसवीं के विद्यार्थी पन्ना यादव का चयन जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए हुआ है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी और व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी के मार्गदर्शन में पन्ना यादव ने यह उपलब्धि हासिल किया है। पन्ना यादव ने 22 सितंबर को ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित होने के बाद 9 अक्टूबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। अब उनके उत्कृष्ट मॉडल को जिला स्तर से जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। यह जोन स्तरीय प्रतियोगिता 30 अक्टूबर को स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि पन्ना यादव का विज्ञान मॉडल जल प्रबंधन व संरक्षण पर आधारित है। यह मॉडल विशेष रूप से पानी की कमी वाले क्षेत्रों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। मॉडल के माध्यम से यह दर्शाया गया है कि वर्षा के जल को संग्रहण कर उसे दैनिक कार्यों में प्रभावी ढंग से कैसे उपयोग में लाया जा सकता है। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थी को इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दिया है।

# पुलिस स्मृति एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर स. लोहारा मे सेमीनार का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के दिशा निर्देशन मे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी के उपस्थिति में थाना प्रभारी स. लोहारा निरीक्षक मनीष मिश्रा द्वारा पीएम स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल स. लोहारा में पुलिस स्मृति एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का शुभारंभ कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान शहीदों के पराक्रम, त्याग और समर्पण को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी, अजय बागडे समाजसेवी, शिवचरण पटेल समाजसेवी संस्था प्रमुख प्राचार्य एमएल तुरकेले एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओ एवं शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित थे। जिन्हे आधुनिक भारत के आधुनिक पुलिस के बारे मे बताया गया एवं सामाजिक बुराई से दूर रहने तथा सायबर ठगी के बारे मे बताया गया। छात्र/छात्राओं को नशीली पदार्थ सेवन करने से बचने, व नशीली पदार्थ बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वो की जानकारी पुलिस प्रशासन को तत्काल देने की अपील की गई।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तूरे तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में टोबैको फ्री यूथ कैंपेनिंग 3.0 के अंतर्गत स्कूल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला नोडल अधिकारी डॉ. रोशनी पटेल द्वारा शासकीय पीएम श्री विद्यालय कवर्धा तथा दंत चिकित्सा सहायक दल द्वारा कस्तूरबा गांधी छात्रावास सहसपुर लोहारा में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने के लिए विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला अस्पताल में संचालित तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र एवं कोटपा अधिनियम 2003 की महत्वपूर्ण धाराओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान को "तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान" का बोर्ड प्रदान किया गया तथा विद्यार्थियों व स्टाफ के द्वारा तंबाकू का सेवन न करने तथा किसी को न करने देने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकगण व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं कैंपस को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाना रहा।

### सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान 31 को

**इंदौरी।** कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड में 24 से 31 अक्टूबर 2025 तक 'सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान' संचालित किया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुरे तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नेत्र सहायक अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, आरएचओ, महिला एवं पुरुष सीएचओ तथा मितानिन समन्वयक, अकर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, जो क्षेत्र में घर-घर जाकर नेत्र संबंधी रोगों का सर्वे कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुरे ने बोड़ला विकासखंड के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और इस सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं ताकि जिले में कोई भी व्यक्ति दृष्टि संबंधी समस्या से वंचित न रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला नोडल अधिकारी डॉ. क्षमा चोपड़ा और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुरूषोत्तम सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. क्षमा चोपड़ा ने बताया कि सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक नेत्र सुरक्षा और उपचार की सुविधा पहुंचाना है। अभियान के दौरान घर-घर सर्वे कर नेत्र रोग से पीड़ित लोगों की जानकारी एकत्र की जा रही है और उनका डाटा तैयार किया जा रहा है। जिन व्यक्तियों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई जाएगी, उन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा जाएगा। साथ ही, अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों को राज्य स्तर पर सूचीबद्ध कर आवश्यक इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा जो किसी कारणवश अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते।



## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण शुरू, 06 चरण में चलेगा कार्यक्रम, 07 फरवरी को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

- कलेक्टर ने प्रेस वार्ता लेकर दी पूरे शेड्यूल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है।

इसी सिलसिले में, कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले में कार्यक्रम के संचालन के बारे प्रेस वार्ता लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र पैकरा उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जो घोषणा की है वो 6 चरण में पूरा किया जाएगा। जिसमें मुद्रण/प्रशिक्षण कार्य दिनांक 28 अक्टूबर 2025 से 03 नवंबर 2025 तक चलेगा।

इसके पश्चात घर-घर जाकर सत्यापन कार्य 04 नवंबर 2025 से 04 दिसंबर 2025 तक चलेगा। जिसके बाद मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन 09 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। दावे और आपत्ति की प्रस्तुत करने की अवधि 09 दिसंबर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। पांचवें चरण में सुनवाई और सत्यापन 09 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 07 फरवरी 2026 को होगा। कलेक्टर ने बताया कि बीएलओ, (बूथ स्तरीय अधिकारी) नए मतदाता को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे और मिलान/लिंकिंग (आधार से जोड़ना) में सहायता करेंगे। मतदाता को ई.एफ. (इलेक्टोरल फार्म) भरने में मदद करेंगे उसे एकत्र करेंगे और ईआरओ /एईआरओ को जमा करेंगे। प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी मतदाता/अस्थायी प्रवासी, ईएफ ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करेंगे ।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कलेक्टर ने विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मानित**

# पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 14 पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक (7 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य) जीतकर जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन किया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय में इन 6 विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर बधाई दी। यह प्रतियोगिता बिलासपुर जिले में आयोजित की गई थी, जिसमें राज्य के 17 जिलों के पैरा तैराकों ने भाग लिया। कबीरधाम के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से न केवल सभी का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि अपने संघर्ष, आत्मविश्वास और खेल भावना से यह सिद्ध कर दिया कि इच्छाशक्ति के सामने कोई बाधा बड़ी नहीं होती। कलेक्टर श्री वर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के इन युवा खिलाड़ियों ने अपने परिश्रम और संकल्प से यह साबित किया है कि प्रतिभा अवसर की मोहताज नहीं होती। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांग खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन जिले के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने खेल विभाग और संबंधित प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन आगे भी ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और संसाधन उपलब्ध कराता रहेगा। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा उपतस्थित थे।

### इन खिलाड़ियों ने की शानदार प्रदर्शन

राज्य स्तरीय पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप में प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी सुखनंदन 50 मीटर बटरफ्लाई, 100 मीटर बैक स्ट्रोक और 50 मीटर बैक स्ट्रोक स्पर्धाओं में 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ तैराक की श्रेणी में सम्मानित किया गया। यशपाल धुर्वे 50 मीटर फ्री स्टाइल और 50 मीटर बैक स्ट्रोक में 2 स्वर्ण पदक हासिल किए। यशपाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच और परिवार को दिया। खिलेश्वर पटेल 100 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण, 50 मीटर फ्री स्टाइल में रजत और 50 मीटर बैक स्ट्रोक में कांस्य पदक जीतकर कुल 3 पदक अपने नाम किए। कन्हैया खांडे (एस-6 वर्ग) 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण, 50 मीटर बैक स्ट्रोक और 50 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चंद्रपाल मानिकपुरी (एस-7 वर्ग) 50 मीटर बैक स्ट्रोक और 50 मीटर फ्री स्टाइल दोनों में कांस्य पदक जीतकर जिले की झोली में दो और पदक जोड़े। अनिल चंद्रवंशी (एस-40 वर्ग) 50 मीटर फ्री स्टाइल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता।

## एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की तिथि बढ़ाए जाने तथा पंजीयन को शिथिल किए जाने की मांग

- शादी में सामाजिक खाना पीना को लेकर विवाद के बीच हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए जिस ढंग से एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन को अनिवार्य किया गया है उससे जिले के हजारो किसान अपने धान रकबे का पंजीयन कराने से वंचित हो रहे हैं और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। शासन के आदेश के तहत जिले के सभी किसानों को 31 अक्टूबर 2025 तक पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक है। ऐसे में बीते कई दिनो से एग्रीस्टेक पोर्टल में अपना पंजीयन कराने भटक रहे किसानो के पास अब मात्र दो दिन का समय ही शेष रह गया है। उक्त बातें कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व अध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। श्री साहू ने जारी बयान में कहा कि दरसल प्रदेश की भाजपा सरकार किसानो से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करना ही नहीं चाहती। यहीं वजह है भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद से ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी को लेकर गैर जिम्मेदार नजर आ रही है। बीते वर्ष बारदाने की किल्लत उत्पन्न कर तथा समितियों से धान का उठाव रोकर खरीदी को बाधित करने का प्रयास किया गया। इसी प्रकार इस वर्ष अब एग्रीस्टेक पोर्टल की अनिवार्यता लागू कर किसानो के रकबे को कम किया जा रहा है। श्री साहू ने बताया कि जिले में हजारो किसान है जिनका एक ही नाम से अलग-अलग गांवों व विकासखण्डों में रकबा है लेकिन ऐसे किसानो एग्रीस्टेक पोर्टल में सभी रकबों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा जो किसान सरकारी जमीन लीज में लेकर खेती कर रहे हैं उन्हें भी एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पंजीयन को लेकर सबसे ज्यादा पेरेशानी नए रकबे की खरीदी, रकबा बंटवारा सहित अन्य रकबे वाले किसानो को उठानी पड़ रही है। स्थिति ये है कि पंजीयन से वंचित हजारो किसान सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केन्द्र अथवा राजस्व विभाग के पटवारी से लेकिन संबंधित विभागों के अधिकारियों के चक्कर काटने मजबूर है लेकिन बावजूद इसके उनका पंजीयन नहीं हो पा रहा है। कवर्धा कृषि मण्डी के पूर्व अध्यक्ष चोवा साहू ने शासन प्रशासन ने पंजीयन की व्यवस्था का शिथिल करने के साथ एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की है।